संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, 06 जनवरी 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 06 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमित शाह ने भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक व पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी के निवास पर जाकर उन्हें उनके 92वें जन्मदिवस की बधाई दी।




# दिल्ली को 'आप दा' से मुक्ति दिलाना बेहद जरूरी: मोदी

- परियोजनाओं के उद्घाटन के बाद रैली को संबोधित किया, पीएम मोदी ने रोहिणी के जापानी पार्क में आयोजित रैली में आप पर बोला हमला

**आप पर तंज**

**भाजपा ही दिल्ली को दुनिया की बेहतरीन राजधानी का गौरव दिला सकती है: प्रधानमंत्री मोदी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने दिल्ली को आज चार परियोजनाओं की सौगात दी। इसमें साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक नमो भारत कॉरिडोर के नए रूट का उद्घाटन शामिल है। विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास के बाद पीएम मोदी रोहिणी के जापानी पार्क पहुंचे और परिवर्तन रैली को संबोधित किया। उनके साथ शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी मौजूद रहे। पीएम ने कहा कि दिल्ली विकास की धारा चाहती है, मुझे खुशी है कि दिल्ली का विश्वास भाजपा में है। भाजपा सेवा भाव से काम करने वाली और सपनों को पूरा करने वाली पार्टी है। देश भी भाजपा पर इतना विश्वास जता रहा है और उन्हें अवसर दे रहा है। पूर्वोत्तर, ओडिशा में कमल खिला, हरियाणा में लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से चुना, महाराष्ट्र के इतिहास में सबसे बड़ा जनादेश मिला, देश में भी तीसरी बार सरकार बनी, दिल्ली ने सभी सांसदों को जिताया। अब विधानसभा में कमल खिलने वाला है। भाजपा ही दिल्ली को दुनिया की बेहतरीन राजधानी का गौरव दिला सकती है। दिल्ली में बेहतरीन उम्मीदवार उतारे गए हैं। दिल्ली का दिल जीतने का सबसे स्वर्णिम अवसर है। जुड़ जाइए, खूब मेहनत करिए। दिल्ली को बेहतरीन बनाना हमारा संकल्प है। दिल्ली को शहरी विकास का मॉडल बनाना है। यह तभी संभव है, जब केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार काम करें। जिस आपदा सरकार के पास कोई विजन नहीं, वह विकास नहीं कर सकती। दिल्ली को आधुनिक बनाने का काम भाजपा सरकार ही कर रही है। दिल्ली मेट्रो, चप्पे चप्पे तक पहुंची तो भाजपा की केंद्र सरकार ने किया। एक दशक में मेट्रो नेटवर्क दोगुने से अधिक हुआ। आज जनकपुरी और कृष्ण पार्क तक कॉरिडोर शुरू हुआ। नमो रेल भी केंद्र सरकार की देन है। छह लेन, आठ लेन की सड़कें केंद्र बना रही है।

पीएम ने कहा कि जाम से मुक्ति के लिए 55 हजार करोड़ का प्रोजक्ट, डीडीए के माध्यम से गरीब का घर बनाने का काम भी, पीएम आवास से गरीबों का घर बनाने का पैसा केंद्र सरकार देती है। दिल्ली के जिस जिस इलाके में झुग्गी झोपड़ी है, वहां स्वाभिमान अपार्टमेंट की फोटो, वीडियो लेकर जाइए, बताइए यह मोदी की गारंटी है। सबको पक्का मकान मिलेगा।



## भाजपा के जीतने पर बंद नहीं होगी जनहित की कोई योजना: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के मतदाताओं से विधानसभा चुनाव में भाजपा को एक मौका देने की अपील की। उन्होंने दिल्लीवासियों को विश्वास दिलाया कि भाजपा के जीतने पर दिल्ली में जनहित की कोई योजना बंद नहीं होगी। दिल्ली के जापानी पार्क में आयोजित भाजपा की परिवर्तन रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोगों को डराया जा रहा है कि भाजपा के जीतने पर कई योजनाएं बंद हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जनहित की कोई योजना बंद तो नहीं होगी, लेकिन जो उसमें बेईमानों का ठेका है उनको बाहर निकाला जाएगा। पिछले 10 साल में राज्य सरकार की योजनाएं, सिर्फ कागजों पर चली हैं।

# राष्ट्र विरोधी ताकतों से सतर्क रहे: उपराष्ट्रपति

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के जवानों से भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए राष्ट्र विरोधी ताकतों के प्रति सतर्क रहने का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति ने कैडेटों को 2047 तक भारत के गौरव का निमार्ता बताया।

उपराष्ट्रपति ने दिल्ली कैंट के करिअप्पा परेड ग्राउंड स्थित मुख्यालय डीजी एनसीसी कैंप में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर-2025 के उद्घाटन अवसर पर एनसीसी कैडेटों को संबोधित किया। उन्होंने एनसीसी की सराहना करते हुए कहा कि यह एक अनुशासित बल है जो मानव विकास के लिए आवश्यक गुणों का संचार करता है। उपराष्ट्रपति ने कैडेटों को 2047 तक भारत के गौरव का निमार्ता बताया। संगठन राष्ट्रवाद और राष्ट्र-प्रथम दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। दुनिया का कोई भी राष्ट्र तब तक विकसित नहीं हो सकता, जब तक उसके नागरिक राष्ट्रवाद के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध न हों। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, हमारे राष्ट्रीय परिवर्तन की नींव पांच शक्तिशाली स्तंभों अर्थात सामाजिक सद्भाव, पारिवारिक प्रबोधन, पर्यावरण चेतना, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्यों पर टिकी हुई है।





# बैंक अफसर ने महिला को कई महीनों तक किया ब्लैकमेल

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** नंदग्राम थाना क्षेत्र निवासी महिला और उनके पति के अंतरंग फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाला आरोपित पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित आईसीआईसीआई बैंक में काम करता है। महिला को आरोपित ने अक्टूबर 2023 से ब्लैकमेल करना शुरू किया था।



**हार्ड डिस्क से रिकवर कर लिया था डाटा:** पूछताछ में सामने आया है कि महिला से आरोपित ने अपने काम के लिए हार्ड डिस्क ली थी। महिला को पता था कि हार्ड डिस्क का डाटा डिलीट है, लेकिन आरोपित ने जब डिलीट डाटा रिकवर किया तो उसमें महिला और उनके पति के अश्लील फोटो और वीडियो मिले। आरोपित इसी आधार पर महिला को ब्लैकमेल कर रहा था।
पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपित चिरंजीव विहार निवासी अजय सिंह अधिकारी है।
आरोपित ने पूछताछ में बताया कि उसकी पीड़िता से मुलाकात आईसीआईसीआई बैंक में 2021 में काम करने के दौरान हुई थी। पीड़िता बैंक में अपनी फर्म का चालू खाता खुलवाने आई थीं। आरोपित ने महिला की खाता खोलने में मदद की जिसके बाद दोनों में बातचीत शुरू होने लगी।
**दोनों के बीच हो गई थी दोस्ती:** कुछ ही दिनों में दोनों की दोस्ती हो गई। एक दिन आरोपित ने महिला से अपने काम के लिए कंप्यूटर हार्ड डिस्क मांगी। महिला ने उसे हार्ड डिस्क दे दी, लेकिन आरोपित ने जब हार्ड डिस्क का डाटा रिकवर किया तो उसमें महिला और उनके पति के फोटो और वीडियो मिले।
**अपनी मां के खाते में डलवाता था रुपये:** आरोपित ने फोटो और वीडियो अपने पास रखकर महिला को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पहले उसने महिला से आठ लाख रुपये लिए फिर कई महीने तक अपने एवं अपनी मां के खाते में 20 हजार रुपये ट्रांसफर कराए। इसके बाद पीड़िता से सात लाख रुपये मांगे।
**चिरंजीव विहार से दबोचा गया आरोपी :** परेशान होकर पीड़ित ने अपने पति को मामले की जानकारी देकर पुलिस को शिकायत दी। पीड़िता की शिकायत पर नंदग्राम थाने में आरोपित पर मुकदमा दर्ज किया गया था। एसीपी सिहानी गेट पूनम मिश्रा ने बताया कि आरोपित को चिरंजीव विहार से गिरफ्तार किया गया है।
**शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर ठगे 41 लाख रुपये :** उधर, एक अन्य मामले में साइबर अपराधियों ने टीला मोड़ निवासी युवक से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 41 लख रुपए ठग लिए। पीड़ित के मुताबिक उन्हें फेसबुक के जरिए शेयर ट्रेडिंग टिप्स देने शुरू किए गए। उन्हें एक वाट्सएप ग्रुप में जोड़कर कुछ दिन टिप्स दिए गए। फिर एक एप डाउनलोड कराकर उन्हें ट्रेडिंग शुरू कराई गई। पीड़ित से 10 दिसंबर से लेकर 29 दिसंबर के बीच विभिन्न बैंक खातों में 41 लाख रुपए ट्रांसफर कराकर ठगी की गई है। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**काबू**

⏩ महिला को आरोपित ने अक्टूबर 2023 से ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया था


टीला मोड़ स्थित भारत सिटी निवासी राहुल दत्त शर्मा के मुताबिक पांच दिसंबर को उन्हें फेसबुक पर विजय नामक व्यक्ति ने शेयर ट्रेडिंग टिप्स का मैसेज किया था। इसके बाद उन्हें एक वाट्सएप ग्रुप में जोड़ लिया गया।
**ट्रेडिंग से अच्छा मुनाफा कमाने का दिया झांसा:** ग्रुप एडमिन दिव्यांशी नामक युवती ने उन्हें एक ट्रेडिंग एप के बारे में बताया कि एप पर ट्रेडिंग करने पर अच्छा मुनाफा होता है। पीड़ित को झांसे में लेकर एप डाउनलोड करा दिया गया। इसके बाद पीड़ित से 29 दिसंबर तक विभिन्न शेयरों में निवेश के नाम पर 41 लााख रुपये ट्रांसफर करा लिए।
पीड़ित ने जब अपने रुपये निकालने चाहे तो उनसे और धनराशि निवेश कराने के लिए कहा गया। उन्होंने मना किया तब वाट्सएप ग्रुप डिलीट कर दिया गया। पीड़ित ने पुलिस को बताया है कि जिस फेसबुक आइडी से उनके पास मैसेज आया था वह भी डिलीट हो गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सखा एक पहल के कार्यालय पहुंचीं मिसेज इंडिया

**नोएडा :** मिसेज इंडिया खुशी खुराना ने नोएडा के निठारी स्थित सखा एक पहल के कार्यालय और विद्या देवी स्कूल ऑफ क्रोशिया का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्रोशिया सीख रहीं महिलाओं और बालिकाओं से मुलाकात की और उनके जीवन में आए बदलावों पर चर्चा की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के हुनर और आत्मनिर्भरता को मंच देना था। खुशी खुराना ने बताया कि उन्होंने मिसेज इंडिया 2024 के फाइनल राउंड में सखा एक पहल की सदस्य रीना द्वारा बनाई गई ड्रेस पहनी थी, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। खुशी खुराना ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व का क्षण है कि मैं उन महिलाओं से मिल रही हूं।

# ईको की ट्रैक्टर ट्रॉली की आमने-सामने की भिड़न में एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा:** रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के चचूरा गांव में शनिवार रात कोहरे के कारण ट्रैक्टर-ट्राली और ईको कार में आमने-सामने की भिड़ंत में एक की मौत हो गई। वहीं कार में सवार पांच महिलाओं सहित सात लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि बुलंदशहर के रहने वाले कुछ लोग उस्मानपुर गांव में गमी के एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे। वहां से कार में सवार होकर वापस लौट रहे थे। चचूरा गांव में शनिवार रात करीब 8.45 बजे एक ट्रैक्टर के ट्रॉली से मारुति इको वैन की टक्कर हो गई। जिससे वैन में सवार जीशान निवासी खेतलपुर गांव भंसौली थाना चांदपुर देहात बुलंदशहर की मौत हो गई। वहीं अन्य सात लोगों को चोट आई है।घायलों की पहचान नदीम (30), मदीना (40), सायरा (45), परवीन (45), नाजरीन (50), संजीदा (50) निवासी खेतलपुर गांव भंसौली व समीर (18) निवासी सीमापुरी दिल्ली के रूप में हुई है। घायलों को तत्काल नजदीकी राणा अस्पताल झाझर में भर्ती कराया गया, जो खतरे से बाहर हैं।



# गाजियाबाद के विद्यावती मुकंदलाल गर्ल्स कॉलेज में रक्तदान मेला का आयोजन, 166 यूनिट रक्त का किया गया महादान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद :** विद्यावती मुकन्दलाल गर्ल्स कॉलेज, गाजियाबाद में महाविद्यालय के संस्थापक स्व० सेठ जयप्रकाश के पिता स्व० मुकन्दलाल के जन्म दिवस के मौके पर संस्थापक दिवस और 47वें रक्तदान मेले का आयोजन किया गया। रक्तदान मेला भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, नई दिल्ली एवं एम०एम०जी० अस्पताल, गाजियाबाद के कुशल निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ हवन, पूजन और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस दौरान महाविद्यालय के प्रबंधन की तरफ से संस्थापक परिवार की मूर्तियों पर माल्यार्पण व उनको श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। रक्तदान मेले का प्रारम्भ मातृ शक्ति को प्रदर्शित करती हुई प्रथम रक्तदाता सविता, दूसरे रक्तदाता डॉ० पंकज कुमार डेढ़ा और तीसरे रक्तदाता विनीत के द्वारा दीप जलाने के साथ प्रारम्भ हुआ। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या प्रो० (डॉ०) रचना प्रसाद ने अपने संबोधन द्वारा प्रबंधन के अध्यक्ष सेठ अशोक कुमार, सचिव अनुराग सिंघल एवं उनके परिवार के उपस्थित समस्त सदस्यों का स्वागत किया। रक्तदान मेले में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्या ने कहा कि स्व० सेठ जयप्रकाश ने अपनी पुत्री नीलम की शिक्षा के लिए इस महाविद्यालय की स्थापना की, जो आज महिला शिक्षा का एक विशाल एवं आदर्श केन्द्र बन चुका है। रक्तदान मेला प्रभारी, प्रो० शशि मलिक ने रक्तदान के महत्व से लोगों को जागरूक कराया।
प्रतियोगिता प्रभारी, प्रो० उमा जोशी के निर्देशन में रक्तदान के महत्व से सम्बन्धित विभिन्न प्रतियोगिताएँ जैसे-पोस्टर, स्लोगन, निबन्ध, कहानी लेखन आदि आयोजित की गई।



## नोएडा एयरपोर्ट पर बनेंगे तीन फ्यूल स्टेशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआइए) पर ईंधन की आपूर्ति के लिए तीन स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा. लि. (यापल) ने तीनों फ्यूल स्टेशन स्थापित करने के लिए इंडियन ऑयल के साथ अनुबंध किया है। एक स्टेशन यात्री, एक एयरपोर्ट व एक कार्गो टर्मिनल पर वाहनों की ईंधन की जरूरत को पूरा करेगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अप्रैल में यात्री सेवाओं के लिए शुरू हो जाएगा। एयरपोर्ट आने वाले यात्रियों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए विभिन्न ढांचागत सुविधाएं विकसित की गई हैं। इसी के तहत एयरपोर्ट परिसर में तीन फ्यूल स्टेशन विकसित होंगे। यात्रियों के लिए पश्चिम रोड के नजदीक स्टेशन स्थापित किया जाएगा। जबकि एयरपोर्ट ऑपरेशन के लिए एयरसाइड में एक स्टेशन होगा। तीसरा स्टेशन कार्गो टर्मिनल की जरूरत को ध्यान में रखते हुए उसके पास बनाया जाएगा। इसके लिए इंडियन ऑयल के साथ हुए अनुबंध के मौके पर यापल के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने कहा कि एयरपोर्ट पर ईंधन उपलब्ध कराने के लिए यह अनुबंध किया गया है। यात्रियों को सुगमता से ईंधन उपलब्ध होगा।
इंडिया ऑयल के डिवीजनल रिटेल सेल्स प्रमुख सुमित मुंशी ने कहा कि तीनों फ्यूल स्टेशन स्थापित करने का मकसद न केवल यात्रियों को अच्छी सेवा उपलब्ध कराना है, बल्कि क्षेत्र में विकसित हो रहे संरचनात्मक ढांचे को भी मजबूत करना है। फ्यूल स्टेशन को वैश्विक सुरक्षा मानकों के अनुरूप बनाया जाएगा।

# हर जरूरतमंद की मदद कर मुख्यधारा में लाएंगे हमः डॉ अरविंद शर्मा

### छपरा गांव में सर्व ब्राह्मण कल्याण समिति द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे डॉ अरविंद शर्मा :

**अंत्योदय की भावना**

⏩ प्रधानमंत्री मोदी ही नहीं, अपितु मुख्यमंत्री सैनी भी निरन्तर अंत्योदय की भावना से गरीब व्यक्ति के उत्थान को लेकर काम कर रहे : शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना।** सहकारिता, कारागार, चुनाव, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि समाज मे हर जरूरतमंद को अपने साथ लेकर आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ाने पर जोर दें और उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाएं। ऐसा होगा, तभी हम भारत को विकसित भारत बनाने के सपने को पूरा कर पाएंगे। रविवार शाम सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा का छपरा गांव में सर्व ब्राह्मण कल्याण समिति द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में अभिनन्दन किया गया।





कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही नहीं, अपितु मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी निरन्तर अंत्योदय की भावना से गरीब व्यक्ति के उत्थान को लेकर काम कर रहे हैं। उसी विचार पर आगे बढ़ते हुए हमें भी हर जरूरतमंद को मिलकर मजबूत बनाना है। सम्मान समारोह में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा के सामने ग्रामीणों द्वारा जलभराव की समस्या, जर्जर सड़क की समस्या, माइनर जीर्णोद्धार से लेकर बस को लेकर यात्रियों को हो रही समस्या के बारे बताया गया तो उन्होंने मौके पर मौजूद एसडीएम अंजलि श्रोतिया को सभी समस्याओं को नोट करने के साथ-साथ उनके समाधान के लिए निर्देश दिए। यही नहीं विभिन्न विभागों के अधिकारियों को भी कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने मौके पर ही फोन करके उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।
इस अवसर पर बरोदा से वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप सांगवान, जिला कोषाध्यक्ष बलराम कौशिक, एमडी शुगर मिल आहुलाना अंकिता वर्मा, सर्व ब्राह्मण कल्याण समिति से जयकिशन शर्मा, राजकुमार फौजी, जसवंत, रामदिया बुटाना, सुरेश भादोठी, मास्टर सुरेश गंगाना, श्रीभगवान माजरा, सुल्तान बिधल, डॉ ओमप्रकाश शर्मा, महाबीर गुड्डू आदि उपस्थित रहे।

## नोएडा एयरपोर्ट के पास घर बनाने का मौका, एक और आवासीय प्लॉट स्कीम ला रही यमुना अथॉरिटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण चालू वित्त वर्ष में एक और प्लॉट योजना निकालने की तैयारी कर रहा है। उत्तर प्रदेश भू संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) में आवासीय प्लॉट योजना के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह प्लॉट सेक्टर 18 में आवंटित किए जाएंगे। यमुना प्राधिकरण ने चालू वित्त वर्ष में अभी तक दो आवासीय प्लॉट योजनाएं निकाली हैं। जुलाई में 363 प्लॉट व नवंबर में 451 प्लॉट की योजना निकाली गई थी। पहले योजना में दो लाख से अधिक आवेदन मिले थे, जबकि नवंबर में निकाली गई योजना में एक लाख से अधिक आवेदन हुए थे। प्राधिकरण क्षेत्र में आवासीय प्लॉटों की मांग को देखते हुए चालू वित्त वर्ष में एक ओर आवासीय प्लॉट योजना लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया का कहना है कि आवासीय प्लॉट योजना के लिए रेरा पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पंजीकरण होते ही योजना निकाल दी जाएगी।
सेक्टर 18 में जिन ब्लॉक की जमीन अभी आवंटित नहीं हुई है। उनमें यह योजना निकाली जाएगी। यमुना प्राधिकरण ने 2009 में सेक्टर 18 व 20 में प्लॉट योजना निकाली थी। लेकिन जमीन को लेकर कानूनी विवाद होने पर प्राधिकरण कई प्लॉटों को विकसित नहीं कर पाया था। न्यायालय से कानूनी विवाद निपटने के बाद प्राधिकरण ने जमीन पर कब्जा ले लिया है।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं जो कि संजय कुमार पुत्र श्री कृष्ण निवासी गांव पुगथला तहसील गन्नौर जिला सोनीपत अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरी पुत्री स्वीटी मेरे कहने सुनने से बहार है और अपनी मनमानी करती है। मैं अपनी पुत्री स्वीटी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल और संबंध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में कोई भी व्यक्ति उससे लेन देन करता है तो वह स्वंय जिम्मेवार रहेगा। मेरी व मेरे परिवार कि कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

Punjab Land of Unlimited Opportunities

GOVT. OF PUNJAB

# सिर्फ 33 महीनों में

# 50,000+

# सरकारी नौकरियाँ







## हर घर में रोज़गार पहुंचाया, युवाओं को सशक्त बनाया

"हमारे युवा रंगला पंजाब के निर्माता हैं। उन्हें सरकारी नौकरियां देकर हम न केवल अवसर पैदा कर रहे हैं, बल्कि अपने पंजाब के उज्ज्वल भविष्य में निवेश भी कर रहे हैं।"

**भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब



भगवंत सिंह मान के व्हाट्सएप चैनल से जुड़ें

यहां स्कैन करें

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 06 जनवरी 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
http:// www.actionindialive.com

# हमारी पार्टी दिल्ली के लोगों के लिए काम कर रही: केजरीवाल

## पीएम 29 मिनट तक दिल्ली के लोगों को गालियां देते रहे: केजरीवाल

**चुनावी हमले**

**पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी को आपदा कहकर पुकारा और बदलने का आह्वान किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रोहिणी में परिवर्तन रैली को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान आम आदमी पार्टी की सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने एक बार फिर आम आदमी पार्टी को आपदा करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी हर रोज दिल्ली के लोगों को गालियां दे रहे हैं। दिल्ली की जनता का अपमान कर रहे हैं। दिल्ली के लोग चुनाव में बीजेपी को इस अपमान का जवाब देंगे। प्रधानमंत्री जी 38 मिनट में 29 मिनट तक दिल्ली के लोगों को गालियां देते रहे। केजरीवाल ने कहा, "जो लोग यह आरोप लगाते हैं कि आप लड़ती रहती है। आज का उद्घाटन एक उदाहरण है जो दर्शाता है कि आप केवल दिल्ली के लोगों के लिए ही काम करती है। भाजपावालों ने हमारे शीर्ष नेतृत्व को जेल भेज दिया, हमारे खिलाफ बहुत अत्याचार हुए। हमने कभी इसको लेकर कोई मुद्दा नहीं बनाया। अन्यथा इन परियोजनाओं का उद्घाटन नहीं हो पाता। पीएम मोदी द्वारा आरआरटीएस का उद्घाटन दिल्लीवासियों के प्रति आप के समर्पण का प्रतीक है।

**हमारी पार्टी दिल्ली के लोगों के लिए काम कर रही: केजरीवाल**
केजरीवाल ने कहा कि हमारी पार्टी दिल्ली के लोगों के लिए हम काम कर रहे हैं। इन्होंने दिल्ली के काम हर समय रूकवाया है। सीसीटीवी कैमरे रूकवाए हैं। मोहल्ला क्लीनिक इन्होंने रूकवाए हैं। आज प्रणानमंत्री जी 38 मिनट बोले हैं, उसमें 29 मिनट तक दिल्लीवालों को गालियां देते रहे। जनता सोच रही थी कि प्रधानमंत्री कोई विजन पर बात करेंगे।

### दिल्ली देहात के लोगों के लिए पीएम कुछ नहीं बोले: केजरीवाल



**केजरीवाल** ने कहा कि दिल्ली देहात के लोगों के लिए प्रधानमंत्री कुछ नहीं बोले। दिल्ली देहात में धारा 81 और धारा 33 हटाने पर बात नहीं की है। लोगों पर पुराने मुकदमे चल रहे हैं, वे लोग इंतजार में थे कि वे कुछ बोलेंगे। लोगों को उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री जी लोगों को उनकी जमीन का मालिकाना हक देने पर बात करेंगे। दिल्ली मास्टर प्लान, लैंड पूलिंग पॉलिसी पर मोदी जी बात नहीं करते हैं।

**70 साल में इन लोगों ने दिल्ली को खराब कर दिया: केजरीवाल**
मोदी जी द्वारा सीवर की समस्या उठाए जाने पर केजरीवाल ने कहा कि इसे ठीक कर रहे हैं और इस पर बहुत सारे काम हुए भी हैं। उन्होंने कहा कि इन्होंने 70 साल में सब कुछ खराब कर दिया है उसे ठीक कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के लोग चुनाव में भाजपा को इस अपमान का जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी की जितनी डबल इंजन सरकार है उनसे कहीं ज्यादा काम आम आदमी पार्टी सरकार ने किया है।

## युवक के पेट और सीने में चाकू मारने वाला शख्स गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी थाना क्षेत्र में बीते दो जनवरी को युवक को चाकू मारकर घायल करने वाले एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। वहीं, फरार दूसरे आरोपित का पुलिस तलाश कर रही है। आरोपित की पहचान फूल कुमार के रूप में हुई है। पुलिस जांच में पता चला कि पीड़ित का फूल कुमार के दोस्त के साथ पुरानी दुश्मनी थी। जिसका बदला लेने के लिए उसने अपने दोस्त के साथ इस वारदात को अंजाम दिया है। उत्तरी-पश्चिमी जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि दो जनवरी की रात करीब 11:23 बजे जहांगीरपुरी क्षेत्र में एक युवक को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पाया कि घायल युवक को कुछ लोग पास के ही बाबू जगजीवन राम अस्पताल लेकर गए हैं।

# दिल्ली के दंगल में उतरे पीएम तो आप की बढ़ी टेंशन!

**समीक्षा की तैयारी**

**मोदी के कार्यक्रमों पर नजर रख रही पार्टी, आप विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति की करेगी समीक्षा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने से ठीक पहले दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हो रहे कार्यक्रमों पर आम आदमी पार्टी नजर रख रही है। प्रधानमंत्री की रोहिणी में होने जा रही रैली के बाद आम आदमी पार्टी इस विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी रणनीति पर समीक्षा करेगी। जिस तरह से प्रधानमंत्री ने नाम लेकर और नाम न लेकर आम आदमी पार्टी पर करारा हमला बोला है, इसे देखते हुए आम आदमी पार्टी इस विधानसभा चुनाव को लेकर और सतर्क हो गई है। प्रधानमंत्री द्वारा आप को केंद्र बिंदु में रखकर हमला करने को लेकर आप नेता मान रहे हैं कि उनका चुनाव प्रचार सही दिशा में जा रहा है। बहरहाल आम आदमी पार्टी चुनाव प्रचार को लेकर अगले कुछ दिनों में और बदलाव कर सकती है । आम आदमी पार्टी ने विधानसभा चुनाव जीतने के लिए जो रणनीति बनाई है, उसमें समय और जरूरत के हिसाब से लगातार बदलाव किए जा रहे हैं। यहां तक कि पार्टी कई सीटों पर अपने प्रत्याशी तक बदल चुकी है। अब आपकी आगे की रणनीति की बात करें, तो आम आदमी पार्टी चुनाव में पूरी तरह से उतर चुकी है। आम आदमी पार्टी ने सभी सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं और अलग-अलग तरीके से उनका चुनाव प्रचार जारी है, जबकि कांग्रेस और भाजपा इस मामले में आप से काफी पीछे हैं। साथ ही आप अपनी प्रमुख प्रतिद्वंद्वी भाजपा पर नजर रख रही है।

# अब दिल्ली से मेरठ तक दौड़ेगी नमो भारत

**राहत**

**आनंद विहार इस कॉरिडोर का अब तक का पहला भूमिगत स्टेशन है। मेरठ साउथ तक जाने में 35 मिनट लगेंगे**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नमो भारत ट्रेन से दिल्ली से मेरठ तक सफर करने का इंतजार अब खत्म हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नमो भारत ट्रेन के नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया। अब दिल्ली से मेरठ का सफर मात्र 40 मिनट में पूरा होगा। प्रधानमंत्री ने रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के आनंद विहार और न्यू अशोक नगर स्टेशन से नमो भारत ट्रेन के परिचालन को हरी झंड़ी दिखाई।

**पीएम मोदी ने शेयर किया वीडियो**
दिल्ली-एनसीआर के लिए आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण है। आज पहली बार जहां नमो भारत ट्रेन राजधानी में प्रवेश करेगी, वहीं दिल्ली मेट्रो के विस्तार सहित कई विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास का सुअवसर मिलेगा।

**सफर में लगेगा कितना वक्त?**
आनंद विहार इस कॉरिडोर का अब तक का पहला भूमिगत स्टेशन है। यहां से मेरठ साउथ तक जाने में 35 मिनट लगेंगे। इस बीच नौ स्टेशनों पर ट्रेन ठहराव होगा। न्यू अशोक नगर एलिवेटेड स्टेशन है। यहां से मेरठ साउथ तक के सफर में 40 मिनट लगेंगे, बीच में 10 स्टेशनों पर ट्रेन रुकेगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) नमो भारत ट्रेन के लिए आरआरटीएस कॉरिडोर का निर्माण किया है।

## 'द्रौपदी की साड़ी की तरह हैं केजरीवाल के वादे, पूरे नहीं होते, खिंचते रहते हैं'

**जांच होगी**

**उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल डॉ. भीम राव आंबेडकर, संविधान व दलित विरोधी हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर बसपा भी सक्रिय होती हुई नजर आ रही है। रविवार को कोंडली विधानसभा क्षेत्र के आंबेडकर पार्क में बसपा ने कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया। इसमें बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद पहुंचे। कार्यकर्ता सम्मेलन में उनके निशाने पर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रहे। कांग्रेस और भाजपा को उन्होंने एक ही सिक्के के दो पहलू बताया। जागरण संवाददाता ने आकाश से सवाल किया क्या इस बार बसवा दिल्ली में चुनाव लड़ेगी। इस सवाल को जवाब दिए बगैर, वह जरूरी काम से जाने की बात कहकर चल दिए।

**केजरीवाल संविधान और अंबेडकर विरोधी: आकाश**
आकाश आनंद ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के वादे द्रौपदी की साड़ी की तरह हैं। वह कभी पूरे नहीं होते हैं, खिंचते चले जाते हैं। 11 साल से आम आदमी पार्टी सत्ता में है, दिल्ली को पेरिस बनाना तो छोड़ो सड़कों के गड्ढे तक ठीक नहीं कर सकी। उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल डॉ. भीम राव आंबेडकर, संविधान व दलित विरोधी हैं।

# भाजपा ने परिवर्तन रैली से भरी बदलाव की हुंकार

**कमान**

**रविवार को जापानी पार्क में आयोजित एक रैली की कमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संभाली**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में चुनावी बिगुल बजने से पहले ही माहौल गर्म हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने 27 साल से सत्ता को पाने के सपने को साकार करने के लिए दिल्ली के जापानी पार्क में परिवर्तन रैली कर बदलाव की हुंकार भरी। रैली में दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, कमलजीत सहरावत सहित दिल्ली के सातों सांसद, और विधानसभा चुनाव के लिए घोषित उम्मीदवार मौजूद थे। रविवार को जापानी पार्क में आयोजित एक रैली की कमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संभाली। प्रधानमंत्री ने दिल्ली के लिए 12200 करोड़ रुपये की योजनाओं की भी शुरूआत की। मोदी ने परिवर्तन रैली में लोगों से बदलाव की हुंकार भरने का संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने के लिए लोग सुबह दस बजे से ही जापानी रैली में जुट गए थे। भीड़ में तमाम कार्यकर्ता व समर्थक भाजपा का झंडा लिए उत्साहित दिखे। करीब डेढ़ बजे के करीब प्रधानमंत्री रैली को संबोधित करने पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्लीवासियों से डबल इंजन की सरकार आने से विकास में तेजी आने, जनहित की कोई योजना बंद न होने का आश्वासन दिया। इससे पहले दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने परिवर्तन रैली के दौरान दिल्ली की प्रगति के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होने विकास परियोजनाओं में 12,200 करोड़ रुपये के निवेश से विकास कार्य तेजी से होंगे। उन्होंने नरेला-कोंडली मेट्रो, जनकपुरी-कृष्णा पार्क विस्तार और रैपिड रेल कनेक्टिविटी जैसी केंद्र सरकार की पहलों पर जोर देते हुए कहा कि अगर कोई दिल्ली का विकास कर सकता है, तो वह नरेन्द्र मोदी हैं। इस मौके पर वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली वालों को बदलाव का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि आप दा वालों के भ्रष्टाचार की निशानी शीश महल का मॉडल रैली के बाहर देखा जा सकता। केजरीवाल का शीश महल लोगों का विश्वास तोड़ने की निशानी है। अब दिल्ली सरकार को हटाने का वक्त आगया है।

## दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-3 की पाबंदियां खत्म

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर से ग्रैप-3 हटा दिया गया है। दो दिन पहले ही दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-3 को लागू किया गया था। वायु गुणवत्ता में सुधार के बाद दिल्ली-एनसीआर से ग्रैप-3 (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) की पाबंदियां हटा ली गई हैं। अब ग्रैप-2 और एक की पाबंदियां लागू रहेंगी।

**ग्रेप तीन के तहत इन कार्य पर थी पाबंदी**
-पूरे एनसीआर में धूल पैदा करने वाली व वायु प्रदूषण फैलाने वाली सीएंडडी गतिविधियों पर सख्त प्रतिबंध था।
-बोरिंग और ड्रिलिंग कार्यों सहित खुदाई और भराई के लिए मिट्टी का काम।
-पाइलिंग कार्य, सभी विध्वंस कार्य।
-ओपन ट्रेंच सिस्टम द्वारा सीवर लाइन, पानी की लाइन, ड्रेनेज और इलेक्ट्रिक केबलिंग आदि बिछाना।
-ईंट/चिनाई कार्य।
-प्रमुख वेल्डिंग और गैस-कटिंग कार्य, हालांकि, एमईपी (मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और प्लंबिंग) कार्यों के लिए छोटी वेल्डिंग गतिविधियों की अनुमति दी जाएगी।
-सड़क निर्माण गतिविधियां और प्रमुख मरम्मत।
-परियोजना स्थलों के भीतर व बाहर कहीं भी सीमेंट, फ्लाई-ऐश, ईंट, रेत, पत्थर आदि जैसी धूल पैदा करने वाली सामग्रियों का स्थानांतरण, लोडिंग/अनलोडिंग।
-कच्ची सड़कों पर निर्माण सामग्री ले जाने वाले वाहनों की आवाजाही।

# तीन साल से भारत में रह रहा था बांग्लादेशी, पकड़कर भेजा वापस

**अभियान**

**अब तक 16000 बांग्लादेशी नागरिकों की हुई जांच**
**डेढ़ माह में भेजे जा चुके 75 बांग्लादेशी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पालम गांव थाना पुलिस ने मंगलापुरी इलाके में अभियान चलाकर अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा है। आरोपित तीन साल से भारत में रह रहा था। पुलिस को तलाशी के दौरान आरोपित के पास से बांग्लादेशी दस्तावेज भी मिले हैं। आरोपित मोहम्मद शाहीदुल इस्लाम बांग्लादेश के बागोरा जिले का रहने वाला है। विदेशी पंजीकरण कार्यालय के माध्यम से आरोपित को उसके देश वापस भेज दिया गया है। दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि दिल्ली में बांग्लादेशी नागरिकों सहित अन्य देशों से अवैध रूप से घुस आए लोगों की पहचान की जा रही है।

**मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई**
भारतीय दस्तावेजों के बिना रहने वाले व्यक्तियों की पहचान करने, हिरासत में लेने और वापस लाने के प्रयास अब तेज कर दिए गए हैं। इसके लिए एक टीम भी बनाई गई है। पालम गांव के अधिकार क्षेत्र में मुखबिर से सूचना मिली थी कि मंगलापुरी में कुछ लोग अवैध रूप से रह रहे हैं। इसके बाद तुरंत टीम ने इलाके में चेकिंग अभियान चलाया, जो लोग संदिग्ध लगे उनके पहचान संबंधी दस्तावेज मांगकर पूछताछ की गई।

**आरोपित के पास मिले बांग्लादेशी दस्तावेज**
एक व्यक्ति जो बांग्लादेश से था जब उससे भारतीय दस्तावेज मांगे गए तो वह नहीं दिखा पाया। वह लगभग तीन साल पहले भारत आया था। तब से यहीं पर रह रहा था। उसके पास से बांग्लादेशी दस्तावेज भी मिले हैं। आरोपित को पकड़कर आगे की कार्रवाई के लिए थाने लाया गया। पूछताछ के बाद उसे विदेशी पंजीकरण कार्यालय के माध्यम से वापस उसके देश भेज दिया गया है।

**16000 बांग्लादेशी नागरिकों की अब तक हुई जांच**
दिल्ली में वर्षों से अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के लिए चलाए गए अभियान के तहत दिल्ली पुलिस अब तक 16000 संदिग्धों से पूछताछ और उनके दस्तावेज की जांच कर चुकी है। इनमें 750 के पास बंगाल, असम, बिहार, झारखंड, दिल्ली और हरियाणा के आधार कार्ड और वोटर कार्ड मिले हैं। जांच से लगभग साफ हो गया है कि ये बांग्लादेशी ही हैं। इनके दस्तावेज की जांच के लिए दिल्ली पुलिस ने यू आईडीआई से जानकारी मांगी है।

# 10 माह के बच्चो का गला रेता, मकान मालिक के बेटे पर आरोप

**पूछताछ जारी**

**शिकायत मिली है, आरोप मकान मालिक के नाबालिग बेटे पर लगा है। पुलिस पूछताछ कर जानकारी जुटा रही**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** बेगमपुर थाना क्षेत्र में बीते बृहस्पतिवार को एक 10 महीने के मासूम के गला रेतने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार खून से लथपथ घायल मासूम को पास के ही अस्पताल में लेकर गए, जहां हालत गंभीर देख बच्चे को रोहिणी स्थित अंबेडकर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, जहां बच्चे के गले में 12 टांके लगे हैं। मासूम का इलाज जारी है। इस पूरे मामले में पुलिस अधिकारी का कहना है कि शिकायत मिली है, आरोप मकान मालिक के नाबालिग बेटे पर लगा है। पुलिस पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है।

**मार्च में हुआ था बच्चे का जन्म**
जानकारी के अनुसार, प्रमोद अपनी पत्नी शीतल और नौ महीने बेटे के साथ बेगमपुर गांव में एक किराये के मकान में रहते थे। प्रमोद ने बताया कि वह एक कपड़ा कंपनी के लिए मार्केटिंग का काम करते हैं। 18 मार्च 2023 को उनकी शादी हुई थी। तीन मार्च 2024 को उनकी पत्नी ने एक बेटे को जन्म दिया।

**पहले मालिक के बेटे ने पीटने की दी धमकी**
प्रमोद ने बताया कि वह इस मकान में बीते करीब ढाई वर्ष से रह रहे हैं। 25 दिसंबर की रात उनकी तबीयत खराब होने पर वह मेडिकल स्टोर दवाई लेने के लिए गए थे।

# बिधूड़ी के प्रियंका पर दिए बयान पर गरमाई राजनीति, कांग्रेस व आप ने किया पलटवार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के कालकाजी से विधानसभा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी के प्रियंका गांधी को लेकर दिए गए एक बयान को लेकर विवाद उठ गया है। बिधूड़ी के बयान पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आआपपा) ने भारतीय जनता पार्टी पर महिला विरोधी मानसिकता रखने का आरोप लगाया। इस पर विधूड़ी ने कांग्रेस के नेतृत्व की सरकार में शामिल रहे राजद नेता लालू यादव के इसी तरह के बयान की याद दिलाई है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा नेता बिधूड़ी के बयान को लेकर पार्टी पर आक्षेप किया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा के पूर्व सांसद और अब कालकाजी से पार्टी के उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी की प्रियंका गांधी के खिलाफ टिप्पणी शर्मनाक है। यह भाजपा का असली चेहरा है। दूसरी और आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने रमेश बिधूड़ी के बयान की निंदा करते हुए पार्टी के मुखर विरोधी कांग्रेस नेताओं अजय माकन और संदीप दीक्षित पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी तो इस बयान की निंदा कर रही है लेकिन इन दोनों नेताओं की तरफ से अभी तक भाजपा नेता के इस बयान की निंदा नहीं की गई है। रमेश बिधूड़ी ने एक चुनावी सभा में कहा था कि कालकाजी की सड़कों को प्रियंका गांधी के गालों जैसा बना देंगे। इसका वीडियो वायरल होने के बाद उन्होंने अपने बयान पर सफाई दी है। बिधूड़ी ने पत्रकारों से कहा कि पहले लालू यादव को बिहार की सड़कों को हेमामालिनी के गालों जैसा बनाने वाले बयान पर माफी मांगनी चाहिए। पवन खेड़ा को नरेन्द्र मोदी के पिताजी के बारे में की गई टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए। हम उन्हें केवल उन्हीं की भाषा में उत्तर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस की ओर से बयान को ठीक किया जाना चाहिए फिर वह इसे ठीक करेंगे।

**कांग्रेस और बीजेपी के बीच संबंध गहरे: संजय सिंह**
आप नेता ने वीडियो शेयर करने के बाद एक्स पर पोस्ट किया- रमेश बिधूड़ी ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी जी के बारे में इतना गंदा बोला लेकिन संदीप दीक्षित और अजय माकन की हिम्मत नहीं कि रमेश बिधूड़ी के खिलाफ एक शब्द भी बोले।
संदीप दीक्षित अजय माकन और बीजेपी के बीच के संबंध कितने गहरे हैं, आप इसी बात से समझ सकते हैं।

### `संघ की शाखा में जो सीखा, वहीं बिधूड़ी बोलता है: कन्हैया कुमार

**कांग्रेस** नेता कन्हैया कुमार ने कहा- रमेश बिधूड़ी वही बोलता है जो उसने संघ की शाखा में सीखा है। कहीं भी बोले, चाहे सड़क हो या संसद, बोलेगा वही जो शाखा का संस्कार और विचार है। इनके जैसों की मानसिकता महिला, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक, पिछड़ा और गरीब विरोधी है जो अक्सर जुबान पर आ जाती है।

**जुबानी हमला**

**हम उन्हें केवल उन्हीं की भाषा में उत्तर दे रहे हैं। पहले कांग्रेस की ओर से बयान को ठीक किया जाना चाहिए**

# दिल्ली-एनसीआर में घना कोहरा का कोराम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर में कड़ाके की ठंड और कोहरे का कहर जारी है। रविवार सुबह राजधानी में कोहरे की मोटी चादर छाई रही, जिससे फ्लाइट और रेल सेवाएं बाधित हुईं। कोहरे के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कई फ्लाइट्स देरी से चल रही हैं। वहीं, सुबह के समय शीतलहर से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दिल्ली एयरपोर्ट ने एक्स पर एडवाइजरी जारी कर कहा, "दिल्ली हवाई अड्डे पर लैंडिंग और टेक-ऑफ जारी है, लेकिन कैट मानकों का पालन न करने वाली उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे फ्लाइट संबंधी ताजा जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें। किसी भी असुविधा के लिए हमें खेद है।"

**7 घंटे फ्लाइट में फंसे रहे 200 यात्री**
दिल्ली-पुणे एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट के करीब 200 यात्रियों को फ्लाइट में साढ़े सात घंटे तक बैठाए रखा गया। फ्लाइट (IX-1176) को शुक्रवार को रात 9.40 बजे दिल्ली से उड़ान भरनी थी और रात 11.50 बजे पुणे में लैंडिंग होनी थी, लेकिन विमान आखिरकार शनिवार को सुबह 7.30 बजे दिल्ली से रवाना हुआ।

# वंचित बच्चों की मदद के लिए आगे आएं : विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण

## एमडीडी बाल भवन के 25वें स्थापना वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा विधानसभा (विस) के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को जीवन में पढने और आगे बढने का अधिकार है। समाज में कुछ बच्चे किसी कारणवश अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं। सरकारें अपने स्तर पर ऐसे बच्चों का सहयोग करती है, लेकिन समाज का भी दायित्व बनता है कि ऐसे बच्चों की मदद के लिए आगे आएं। विधानसभा अध्यक्ष रविवार को फूसगढ़ रोड पर स्थित एमडीडी बाल भवन में संस्थान के 25वें स्थापना वर्ष पर आयोजित सिल्वर जुबली कार्यक्रम मे बतौर मुख्यतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम



की विधिवत शुरूआत की और एमडीडी बाल भवन की संचालक समिति व बच्चों को इस शुभ अवसर की शुभकामनाएं दी। स्पीकर ने कहा कि मानवता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। कुछ सामाजिक संस्थाएं सच्चाई व सेवा के संकल्प के साथ विपरीत परिस्थितियों और संसाधनों के आभाव मे भी सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ा रही हैं। सेवा के ऐसे संकल्प को समाज का सहयोग भी अवश्य मिलता है। एमडीडी बाल भवन की पूरी टीम भी पिछले 25 वर्षों से इसी संकल्प के साथ बच्चों के हित को सर्वोपरि रखते हुए काम कर रही है।
उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार

**उत्थान**

**▶▶ सरकार अंत्योदय की भावना के साथ समाज के वंचित वर्ग को ऊपर उठाने के लिए काम कर रही : कल्याण**

भी अंत्योदय की भावना के साथ समाज के वंचित वर्ग को ऊपर उठाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संस्था को सरकार की ओर से भरपूर सहयोग देने की भी बात कही। उन्होंने आह्वान किया कि समाज के साधन सम्पन्न लोग इस प्रकार के सामाजिक कार्य करने वाले संस्थानों का सहयोग करने के लिए आगे आए, ताकि समाज का वंचित वर्ग जीवन मे आगे बढ़ सके। आयोजक समिति द्वारा मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।
कार्यक्रम में संस्थान के बच्चों ने धार्मिक व देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति भी दी और आए हुए अतिथियों का स्वागत गीत से अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में एमडीडी बाल भवन के संचालक पीआर नाथ ने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से संस्थान के 25 वर्षों के गौरवशाली इतिहास के बारे बताते हुए कहा कि 1999 मे शुरू हुए इस संस्थान में आज बच्चों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। वर्तमान में 95 बच्चे यहां रह कर शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों मे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

# जरूरतमंदों व लाचार लोगों की सेवा पुण्य का कार्य: योगेंद्र राणा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** श्री कृष्ण कृपा परिवार की तरफ से सनातन धर्म मंदिर असंध में गरीब परिवारों को राशन व कम्बल वितरित किए गए। इस मौके पर असंध विधायक योगेन्द्र राणा मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने इस पुण्य कार्य के लिए कृष्ण कृपा परिवार को बधाई देते हुए कहा कि उनके द्वारा जो यह सेवा का कार्य किया जा रहा है, बेहद ही प्रशंसनीय है।
उन्होंने कहा कि कडकड़ाती सर्दी के मौसम में

**वितरित किए**

**▶▶ कृष्ण कृपा परिवार द्वारा जो यह सेवा का कार्य किया जा रहा है, बेहद ही प्रशंसनीय है : विधायक**

गरीबों को कंबल वितरण करना और भूखे को भोजन देना पुण्य का कार्य है और इस प्रकार के कार्य करने से समाज में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। उन्होंने कहा कि जरुरतमंद, गरीब व लाचार व्यक्ति की सहायता करना पुण्य का कार्य है। इसके साथ साथ कड़ाके की सर्दी में कंबल एक सेतु का कार्य करता है। कड़ाके की ठंड में गरीबों का सहारा बनकर उनकी मदद करने से बढकर कोई परोपकार का कार्य नहीं है। उन्होंने अन्य सामाजिक संस्थाओं को इस प्रकार के पुण्य के कार्य के लिए लोगों को आगे आने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जगदीश छाबडा, राम निवास, दीपक छाबडा, विक्की गुलाटी, विरेन्द्र चुघ, संजीव खन्ना, रमेश मदान, रमेश बत्रा, सोनू बत्रा मौजूद रहे।

# दो बाइकों की टक्कर में एक व्यक्ति की हुई मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में सुबह धुंध के कारणा दो बाइकों की टक्कर हो गई, जिसमें एक बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार आरोपी मौके से फरार हो गया। मृतक का चचेरा भाई घायल को अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
मृतक की पहचान गांव मंजूरा निवासी 42 वर्षीय पवन कुमार के रूप में हुई है, जो करनाल में ड्राइवरी करता था। मृतक के चचेरे भाई रमेश ने बताया कि आज सुबह पवन रोजाना की तरह बाइक पर सवार होकर करनाल अपने काम पर जा रहा था, लेकिन सुबह के वक्त धुंध ज्यादा थी, जिस कारण बहुत कम दूर तक दिखाई दे रहा था।
पवन जब हथलाना मोड़ पर पहुंचा तो सामने से दूसरा बाइक सवार तेज रफ्तार से आया और उसकी

**दुर्घटना**

**▶▶ मृतक का चचेरा भाई घायल को अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया**

बाइक में टक्कर मार दी, जिससे पवन सडक पर सिर के बल पर जा गिरा। जबकि दूसरा बाइक सवार सडक पर कच्चे में जा गिरा। सडक पर गिरने के बाद पवन गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान दूसरा बाइक सवार अपनी बाइक को लेकर मौके से फरार हो गया। रमेश ने बताया कि इस दौरान वह भी गाड़ी में सवार होकर करनाल की तरफ जा रहा था। जब वह हथलाना मोड पर पहुंचा तो रमेश सडक पर पड़ा हुआ था। वह उसे तुंरत अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# कोहरे के कारण डायवर्जन से टकराई बस

**बाल-बाल बचे**

**▶▶ इस हादसे में 20 से अधिक लोगों को मामूली चोटें आई हैं। हालांकि कोई भी यात्री अस्पताल नहीं पहुंचा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** मधुबन के पास एनएच 44 पर निमार्णाधीन पुल का कार्यस्थल दुर्घटना प्वाइंट बनता जा रहा है। रविवार को भी घने कोहरे के कारण एक निजी रोडवेज बस बड़े पत्थर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह




क्षतिग्रस्त हो गया है। इस हादसे में 20 से अधिक लोगों को मामूली चोटें आई हैं। हालांकि कोई भी यात्री अस्पताल नहीं पहुंचा। इस दौरान वे दूसरी बस पकडकर चले गए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से बस को किनारे कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
रविवार की सुबह कोहरे के कारण विजिबिलिटी बहुत कम थी। लखनऊ से पंजाब जा रही एक प्राइवेट बस जैसे ही मधुबन ओवरब्रिज पार करके नीचे उतरी तो आगे एक और पुल का निर्माण कार्य चल रहा था। वहां डायवर्जन लिखा हुआ था, लेकिन ड्राइवर को आगे कुछ दिखाई नहीं दिया और वह बस को सर्विस रोड पर मोड़ नहीं सका और बस सीधे एक बड़े पत्थर से टकरा गई। बस रुक गई और टक्कर होते ही बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।
गनीमत रही कि कोई यात्री घायल नहीं हुआ।
हादसे के समय मौके पर मौजूद राहगीर विनोद कुमार, सुमेर, पवन कुमार, राकेश व अन्य का कहना है कि यहां पर हर दिन हादसे होते है। शनिवार को भी धुंध के कारण तीन ट्रक आपस में टकरा गए थे, जिसमें एक ट्रक चालक भी घायल हुआ था।

# जींद में पोल्ट्री फीड स्पलायर के 21 लाख हड़पे

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद।** पोल्ट्री फीड के नाम पर 21 लाख 78 हजार रुपये हड़पने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने पोल्ट्री फीड सप्लायर की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अर्बन एस्टेट निवासी कुलबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पोल्ट्री फार्म के साथ-साथ पोल्ट्री फीड सप्लाई का काम भी है। बवानी खेड़ा निवासी प्रवीण कुमार ने उसे फोन पर संपर्क साध कर बताया कि उनके गांव बलाली, अटेला, दादरी में पोल्ट्री किराये पर लिए हुए है। जिनके लिए पोल्ट्री फीड की आवश्यकता है। वह आपकी फार्म से फीड की सप्लाई लेना चाहते हैं। जिसके लिए आरोपित ने कुछ रुपये एडवांस देने की बात कही। बकाया राशि मुर्गे बेचने के बाद देने की बात कही। जिस पर आरोपित ने 6 लाख 20 हजार रुपये का चेक दिया था तथा अपने पार्टनर मास्टर सुरेंद्र सिंह के नाम से दो हजार रुपये का चेक दिया था। इसके बाद विश्वास होने पर उसने गत 29 जुलाई से 22 अगस्त तक आरोपितो के तीनों फार्मो पर 750 क्विंटल पोल्ट्री फीड भेज दिया।

# लाखनमाजरा मंडल के गावों में बूथ अध्यक्षों के चुनाव सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक।** लाखनमाजरा मंडल के गावों में बूथ अध्यक्षों के चुनाव करायेगें। जिसकी अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नवीन ढुल ने की और उन्होंने मंडल सह चुनाव अधिकारी के रूप में अपनी देखरेख में यह चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराई। गांव भगवतीपुर में बूथ नं. 120 सुमित, 121 शैलेन्द्र, 122 सुमित पांचाल, 123 अमित जांगड़ा, 124 मुकेश कश्यप, घड़ौठी में बूथ नं. 38 राजबीर वर्मा, 39 बिजेंद्र कश्यप, 40 सचिन चौहान, 41 शुभाष डाबला इंदरगढ़ में बूथ नं. 36 महिपाल परमार, 37 विनोद सरपंच खरेंटी, रोहताश गिल, सतीश भारद्वाज, नरेन्द्र भारद्वाज, संजय खरब, महिपाल नंबरदार, लाखनमाजरा में बूथ नं. 26 दीपक भारद्वाज, 27 अनिल, 28 रामनिवास, 29 ललिता शर्मा, 30 संदीप राठी, 31 महावीर जोगी, 32 अजित सिंह, 33 रामकुंवार, खरैटी में बूथ नं. 42 रोहताश गिल, 43 सतीश भारद्वाज, 44 नरेन्द्र भारद्वाज, 45 संजय खरब, 46 महिपाल नंबरदार को बूथ अध्यक्ष बनाया गया।
इस अवसर पर नवीन ढुल ने सभी बूथ अध्यक्षों को बधाई व शुभकामनाएँ देते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी में जैसे जिलाध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष की पहचान रहती है। ऐसे ही अब संगठन में बूथ अध्यक्ष की भी पहचान होगी। पार्टी बूथ स्तर के कार्यकताओं को पूरा मान सम्मान देती रही है। अब मुख्यमंत्री नायब सैनी जी व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली भी बूथ के पदाधिकारियों से सीधा संवाद कर सकते है। सब बूथ पदाधिकारियों के मोबाईल का पूरा डाटा जिला कार्यालय से लेकर राष्ट्रीय कार्यालय में भी स्टोर हो रहा है।

# केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल पहुंचे चुलकाना

**बाबा के दर पर**

**▶▶ समाज में अच्छाई प्रदान करने के लिए अच्छाई का वातावरण देना जरूरी है : मनोहर लाल**



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
केन्द्रीय ऊर्जा,आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल रविवार सांय चुलकाना धाम पहुंचें और प्रसिद्ध श्याम मंदिर में माथा टेका। गांव की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में अच्छाई प्रदान करने के लिए अच्छाई का वातावरण देना जरूरी है जो की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। आज पूरे विश्व में कोई भी भारत देश के सामने आंख उठाकर नहीं देख सकता यही मोदी की गारंटी है।
केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि उन्होंने 2025 में गांव दर्शन की यात्रा चुलकाना से शुरू करने का मन बनाया था जो की श्याम बाबा के दर्शन करके शुरू की जा रही है। आज लोगों में एक अलग प्रकार का उत्साह बना हुआ है यह उत्साह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि आज पूरा विश्व भारत में अपनी संभावनाएं तलाश रहा है। इसी वातावरण के लिए आज हर व्यक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का अनुसरण करता है और यह अच्छाई आगे भी यूं ही बढ़ती रहेगी। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मनोहर लाल ने कहा कि देश और प्रदेश में गरीबों की सभी सुख सुविधाओं के लिए सरकार काम कर रही है। विकास के लिए पैसे की कोई भी कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने चूलकाना गांव में आगामी 6 माह में व्यायाम एवं योगशाला बनवाने का भी आश्वासन दिया और कहा कि इस योगशाला की चारदिवारी की जाएगी। उसमें पेड़ पौधे भी लगाए जाएंगे। यही नहीं इसमें योग शिक्षक भी लगाया जाएगा जो सुबह-शाम लोगों को व्यायाम भी करवाएंगे। इसके लिए उन्होंने ग्राम पंचायत से दो एकड़ भूमि भी उपलब्ध करवाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यह सबसे बड़ी खुशी है कि गांव में बिना पर्ची बिना खर्च करीब चार सौ नौकरियां लगी हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह चुलकाना गांव में 10-15 लोगों की टीम बनाकर 300 गरीब परिवारों की लिस्ट तैयार कर ले और ताकि उन परिवारों के युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर उनका स्वरोजगार स्थापित करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। इसलिए हमेशा ज्यादा से ज्यादा गरीबों को साथ लेकर उनकी आर्थिक उन्नति और आर्थिक सुधारो पर बात करनी होगी।

# अज्ञात चोरों ने करियाना स्टोर और शराब ठेके में लगाई सेंध

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। दो अलग-अलग जगहों पर चोरों ने नकदी और सामान पर हाथ साफ कर दिया। पहली घटना चिड़ाव गांव में शराब की दुकान पर हुई, जहां चोर ने दरवाजा तोडकर कैश बॉक्स से 25800 रुपये चोरी कर लिए। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।
दूसरी घटना बड़ागांव में रविदास मंदिर के पास किराना दुकान की है, जहां चोर छत के रास्ते से घुसे और करीब 40 हजार रुपये का सामान लेकर फरार हो गए। दोनों




ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।
चिड़ाव गांव स्थित शराब के ठेके पर काम करने वाले धर्मपाल ने पुलिस को शिकायत दी, जिसमें उन्होंने बताया कि कल रात करीब पौने दो बजे हुई। चोर की हरकतें ठेके में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गईं। फुटेज में दुकान के अंदर एक चोर और बाहर अन्य

**जांच जारी**

**▶▶ अभी किसी पर शक नहीं है और पुलिस से मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।**

साथी नजर आ रहे हैं। दरवाजे को तोडकर गल्ले से 25800 रुपये की नकदी चोरी की गई है। धर्मपाल ने थाना सदर करनाल में शिकायत देकर आरोपियों को पकड? और चोरी हुए रुपए बरामद करने की मांग की। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
मामले में मुख्य सिपाही मनजीत सिंह ने बताया कि पुलिस फुटेज और अन्य सबूतों के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।
बड़ा गांव में रविदास मंदिर के पास किराना दुकान में चोरी हो गई। दुकान मालिक ईश्वर ने थाना कुंजपुरा में दर्ज शिकायत में बताया कि बीती रात चोर ने पहले सीढ़ी लगाकर छत पर चढने का रास्ता बनाया और फिर छत के दरवाजे से दुकान में घुस गया। चोर करीब 40 हजार रुपये का सामान चोरी कर फरार हो गया।
ईश्वर ने बताया कि अभी किसी पर शक नहीं है और पुलिस से मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# अपहरण की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** थाना सदर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव नरुखेड़ी के एक युवक के मामले में सीआईए की टीम ने गत दिवस ही तीन आरोपियों जिला सोनीपत के सुरेंद्र व अक्षय व जिला हिसार के रहने वाली नरेंद्र को गोहाना के क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से दो अवैध हथियार व तीन कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपियों द्वारा घटना में प्रयुक्त कार को भी कब्जे में लिया गया है। आरोपियों ने पीड़ित के पिता को कॉल करके पैसे देने की भी मांग की थी। पीड़ित के पिता के बयान



पर थाना सदर में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-140 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों को आज अदालत में पेश कर तीन दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। आज पीड़ित के भी न्यायालय में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-183 के तहत बयान दर्ज कराए गए हैं। मामले की प्रभावी व वैज्ञानिक साक्ष्य आधारित जांच जारी है।

# संस्कृत भारती के दो दिवसीय प्रांत सम्मेलन की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** प्रदेश के स्कूलों में कक्षा छठी से दसवीं तक संस्कृत की अनिवार्यता के संकल्प के उद्घोष के साथ रविवार को पट्टी कल्याणा के सेवा साधना ग्राम विकास केंद्र में संस्कृत भारती के दो दिवसीय प्रांत सम्मेलन की शुरूआत हुई। सम्मेलन में संगठन विस्तार में कार्यकताओं की भूमिका के साथ-साथ आगामी योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। उद्घाटन सत्र में विधानसभा में संस्कृत में शपथ लेने वाले रेवाड़ी के विधायक लक्ष्मण यादव, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप का भी सम्मान किया गया। तीनों विधायकों ने विधानसभा में संस्कृत के प्रत्येक कार्य की




समर्पण भाव से आवाज उठाने की बात कही। दो दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न प्रकार के सत्र के तहत कार्यकताओं की भागीदारी रहेगी।
रविवार को पट्टी कल्याणा के सेवा साधना आश्रम में संस्कृत भारती द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रांत सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य वक्ता संस्कृत भारती के अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख हुल्लास चंद ने कहा है कि कार्यकर्ता के हृदय में अग्नि, पैरों में गति, मुख में मधुरता और मस्तिष्क में शीतलता का होना जरूरी है। जब तक ऊर्जा नहीं होगी, कार्य की शुरूआत हो ही नहीं हो पाएगी, मधुर वाणी से शत्रु को भी अपना बनाया जा सकता है। मस्तिष्क शीतल होगा तो रास्ता सही अपनाया जाएगा। रास्ता सही अपनाया तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं हो पाएगा।
मुख्यातिथि के रूप में महामंडलेश्वर स्वामी राघवदेव जी महाराज ने कहा कि संस्कृत है तो संस्कृति है। भारत की संस्कृति विश्व प्रसिद्ध है। इसे बनाए रखना हम सब का दायित्व है। समय अनुकूल हो तो सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं।
रामलला मंदिर निर्माण इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने कहा कि संस्कृत के प्रति आज समय और माहौल दोनों अनुकूल है।

**एकमत**

**▶▶ तीनों विधायकों ने विधानसभा में संस्कृत के प्रत्येक कार्य की समर्पण भाव से आवाज उठाने की बात कही**

**संस्कृत की अनिवार्यता पर एकमत दिखे सभी विधायक**
सम्मेलन को संबोधित करते हुए रेवाड़ी के विधायक लक्ष्मण यादव ने कहा कि यदि अपनी सभ्यता संस्कृति और इतिहास को जानना है तो संस्कृत को न केवल पढ़ना होगा अपितु इसे आत्मसात भी करना होगा।

## संपादकीय

# मनमोहन सिंह ने पीएम पद की गरिमा को चार चाँद लगाया

**पूर्व प्रधानमंत्री** डॉक्टर मनमोहन सिंह का गत 26 दिसंबर को 92 साल की आयु में निधन हो गया। अपने प्रधानमंत्रित्व काल में डॉक्टर मनमोहन सिंह को भाजपा नेताओं की जिसतरह की आलोचनाओं का सामना करना पड़ा वह इतिहास में दर्ज हो चुका है। जैसे घटिया शब्द उस महान विश्वविख्यात अर्थशास्त्री की आलोचना के लिये इस्तेमाल किये गये उसका जवाब मरणोपरांत न केवल देश की जनता ने डॉक्टर मनमोहन सिंह के प्रति अपने अगाध प्रेम व अश्रुपूरित बिदाई से दिया बल्कि पूरे विश्व से प्राप्त सद्भावना संदेशों ने भी यह साबित कर दिया कि डॉक्टर सिंह अर्थजगत की एक ऐसी शख़्सियत थे जिनके योगदान को देश व दुनिया में हमेशा याद रखा जायेगा। डॉक्टर मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्वकाल में वैसे तो ऐसे अनेक लोकहितकारी फैसले लिये गये परन्तु उनमें खास तौर पर सात निर्णय ऐसे थे जिन्होंने देश की दिशा व दशा दोनों बदल डाली। इनमें पहला कानून जो 12 अक्टूबर 2005 को लागू हुआ वह था बहुचर्चित आरटीआई (फ्रँ३ ३ङ्क्ष्ल्लाङ्क्ष१ं३ङ्क्षल्ल ) अथवा सूचना का अधिकार। इसी कानून के चलते भारतीय नागरिकों को सरकारी अधिकारियों और संस्थानों से सूचना मांगने का अधिकार प्राप्त हुआ। आरटीआई कानून पंचायत से लेकर संसद तक प्रभावी है। यही वह कानून था जिससे कथित जमीन घोटाला ,खनन घोटाला, 2जी और कोयला ब्लॉक आवंटन में हुए घोटालों आदि को बेनकाब करने में सहायता मिली। इसी तरह वर्ष 2005 में ही ग्रामीणों को कम से कम वर्ष में 100 दिनों के काम की गारंटी दिये जाने वाला कानून 'राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम '(नरेगा) बनाया बनाया गया। 2 फरवरी 2006 से लागू किये गये नरेगा कानून जो अब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के नाम से जाना जाता है, के चलते ग्रामीण इलाकों में गरीबी भी कम हुई और ग्रामीण बेरोजगारों का रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन का सिलसिला भी काफी कम हो गया। भाजपा सरकार जो पहले इस योजना का मजाक उड़ाती थी वही अब इस योजना को प्रोत्साहित करने को मजबूर है। यही वजह है कि वर्ष 2006-07 में जिस नरेगा का बजट 11 हजार 300 करोड़ था वह वर्ष 2023-24 में बढ़कर 86 हजार करोड़ रुपये हो चुका है। इसी प्रकार किसानों की कर्ज.माफी योजना वर्ष 2008 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की मनमोहन सिंह सरकार द्वारा लाई गयी जिसके अंतर्गत देश के किसानों का कर्ज.माफ करने का निर्णय लिया गया। उसके बाद वर्ष 2008 में मनमोहन सिंह सरकार के कार्यकाल में ही भारत और अमेरिका के बीच परमाणु सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के अंतर्गत ही भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए परमाणु तकनीक और ईंधन मिलने का रास्ता प्रशस्त हुआ था। साथ ही प्रायः पाकिस्तान की ओर झुकाव रखने वाले अमेरिका के साथ भारत के रिश्तों ने इसी समझौते के चलते एक नया मोड़ लिया था। डॉ सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल की सबसे बड़ी चुनौती 2008 में पूरी दुनिया में फैली आर्थिक मंदी भी थी। उस समय पूरे विश्व में आर्थिक तबाही मची हुई थी।

# अदभुत है गुरु गोविंद सिंह की जन्म स्थली पटना साहिब का गुरुद्वारा!

डॉ. श्रीगोपालनारसन

"पटना की महिमा स्वयं सिख धर्म के दसवें गुरु गोविन्द सिंह ने की है। जिसका वर्णन उन्होने यूं किया है, 'तही प्रकाश हमारा भयों। पटना शहर बिखै भव लयौ।।' पटना गुरु का घर इसलिए भी है क्योंकि यहां गुरु गोविन्द सिंह के नन्हे नन्हे पैरों की अमिट छाप पडी और उनका बचपन यहां बीता। गुरु गोविन्द सिंह के बचपन की स्वर्णिम यादें पटना के ऐतिहासिक श्री हरिमन्दिर साहिब गुरुद्वारें में संजोयी हुई है। जिन्हे निहारने के लिए देश विदेश से बडी संख्या में श्रद्धालु यहां आए दिन पधारते हैं"

सिख धर्म के दसवें गुरु हुए गुरु गोविंद सिंह की जन्म स्थली बिहार की राजधानी पटना के बारे में कहा जाता है कि पटना शहर को सन 1541 ई0 में शेरशाह सुरी ने बसाया था। हालांकि पटना महानगर का इतिहास 600 शताब्दी पूर्व भगवान बुद्ध के समय से भी जुडा है। पटना तब एक छोटा सा कस्बा हुआ करता था और इसे पाटलीपुत्र नाम से दुनियाभर में पहचान मिली हुई थी। राजा अजात शत्रु ने अपने शत्रु लिच्छवी गणतन्त्र का मुकाबला करने के लिए गंगा किनारे इस पाटलीपुत्र कस्बे को एक किले के रूप में विकसित किया। जिसके तहत कस्बे के चारो ओर दीवारे बनाई गई। इसके बाद महात्मा बुद्ध यहां आए और कुछ समय यहां प्रवास किया ,इसी कारण पटना को भगवान बुद्ध की नगरी भी कहां जाता है। कहा जाता है कि 320 ई0 पूर्व नन्द राजा की राजधानी पाटलीपुत्र हुआ करती थी। राजा नन्द का साम्प्राराज्य भारत के एक बडे क्षेत्र तक फैला हुआ था। उस समय भी इस नगर के चारो तरफ दीवारे होने के प्रमाण मिलते है।

सेल्यूकश निकेटर के राजदूत मेगास्थिनज के शब्दों में ,'पटना शहर भारत के बडे शहरों में से एक है, जिसके चारों तरफ लकडी की दीवारे होना बताई गई थी,साथ ही इस शहर के चारों तरफ 36 फीट चौडी व 15 फीट गहरी खाई होने होने की बात भी इतिहास में दर्ज है। इस शहर में 64 प्रवेशद्वार थे और 367 गुम्बज पटना नगर की शोभा बढाते थे। लेकिन 530 ई0 में आए भंयकर भुकम्प ने पटना शहर को बर्बाद कर दिया था। बाद में समय के साथ पटना ने अपने आपको संभालाऔर कुछ ही वर्षो में फिर यह शहर दुनिया को अपनी तरफ आकर्षित करने लगा। धार्मिक,साहित्यिक व राजनीतिक गतिविधियों के केन्द्र पटना वह पावन धरती है जहां महात्मा बुद्ध,गुरू नानकदेव,गुरू तेग बहादुर व गुरू गोविन्द सिंह के चरण पडे जिससे यह धरती पवित्र और पावन हो गई। कहा जाता है कि प्रसिद्ध अर्थशास्त्री कौटिल्य ने इसी धरती पर अर्थशास्त्र की रचना की थी।दुनियाभर में प्रख्यात रहे व्याकरण विद्वान पाणिनी की प्रसिद्ध पुस्तक 'अष्टाध्यायी' भी यही लिखी गई थी। कहा यह जाता है कि महाराजा पत्रक ने अपनी रानी पाटल के नाम पर इस शहर का नाम पटना रखा था वही भविष्य पुराण में महाबली पाली द्वारा अपनी पत्नी पटल के नाम पर इस शहर का नाम पटना रखे जाने का उल्लेख मिलता है। वास्तव में सही क्या है यह तो इतिहासकार ही जाने परन्तु इतना सच है कि पटना में गुरू गोविन्द सिंह 22 दिसम्बर सन 1666 ई0को जन्मे थे। गुरू तेगबहादुर धर्म प्रचार के दौरान आसाम के धुब डी गए थे और माता गुजरी को गर्भवती होने के कारण पटना में विश्राम के लिए छोड गए थे जहां पर माता गुजरी ने गुरू गोविन्द सिंह को जन्म दिया और गुरू गोविन्द सिंह जन्म से सात साल तक पटना में ही रहे। यानि उनका बाल्यकाल पटना में ही बीता। इसी कारण पटना को गुरू का घर भी कहा जाता है। पटना की महिमा स्वयं सिख धर्म के दसवें गुरू गोविन्द सिंह ने की है। जिसका वर्णन उन्होने यूं किया है, 'तही प्रकाश हमारा भयों ।पटना शहर बिखै भव लयौ ।।' पटना गुरू का घर इसलिए भी है क्योंकि यहां गुरू गोविन्द सिंह के नन्हे नन्हे पैरों की अमिट छाप पडी और उनका बचपन यहां बीता।गुरू गोविन्द सिंह के बचपन की स्वर्णिम यादें पटना के ऐतिहासिक श्री हरिमन्दिर साहिब गुरूद्वारें में संजोयी हुई है। जिन्हे निहारने के लिए देश विदेश से बडी संख्या में श्रद्धालु यहां आए दिन पधारते है। यही वह स्थान है जहां पर खालसा पंथ के जन्मदाता सृजनहार का प्रकाश हुआ। जिस तरह श्री ननकाना साहिब में श्री गुरू नानकदेव के अवतार धारण करने के कारण वह स्थान सिखी का मूल है उसी तरह दसवें गुरू गोविन्द सिंह के यहां अवतार लेने के कारण यह स्थान खालसा पंथ का मूल बन गया है। गुरू गोविन्द सिंह के इसी जन्म स्थान पर उनके अनुयायी सिख ने एक यादगार इमारत बनवाईं और इस इमारत का नाम तख्त श्री हरि मंन्दिर साहिब रखा गया जो सिखो का पावन शक्ति का केन्द्र बन गया,इस श्री हरि मन्दिर साहिब भवन का विस्तार सन 1837 ई0 में महाराजा रणजीत सिंह ने करवाया परन्तु सन 1934 में आए भूकम्प से इस गुरूद्वारें की इमारत को भारी क्षति हुई परन्तु सिख धर्म में आस्था रखने वालों ने इस इमारत को ठीक करके आलीशान बना दिया। इस गुरूद्वारे में गुरू तेगबहादुर सिंह और गुरू गोविन्द सिंह दोनो केखडाउ ,वस्त्र व अन्य उपयोग की हुई वस्तुयें दर्शनीय रखी हुई है।गुरू गोविन्द सिंह की गुलेल,तीर,तलवार के साथ ही उनका पवित्र चोगा जो पहले पाकिस्तान में था को श्री हरिमन्दिर साहिब में दर्शनीय रखा गया है। इस गुरूद्वारे में एक माता का कुआ भी है जिसके बारे में कहा जाता है कि इस कुएं का पानीगुरू गोविन्द सिंह के बाल्यकाल में बहुत मीठा था । जिसकारण आस पास के क्षेत्र की महिलायें इस कुएं से पानी भरने आती थी। परन्तु उस समय बालक रहे गुरू गोविन्द सिंह गुलेल से महिलाओं के घडे तोड देते थे। परेशान होकर महिलाओं ने माता गुजरी के कहने पर अपने घडे धातु के बनवा लिए परन्तु गुरू गोविन्द सिंह ने बाल लीला करते हुए तीर से एक महिला का पानी से भरा धातु का घडा भी तोड दिया ।जिससे आहत होकर माता गुजरी ने कुएं का पानी खारा हो जाने का शाप दे दिया इस पर गुरू गोविन्द सिंह ने माता गुजरी को सफाई दी कि जिस महिला का जो घडा उन्होने तोडा है उसमें सांप है और वास्तव में घडे में सांप देखकर सब हैरान रह गए। मौके पर मौजूद सभी ने माता गुजरी से उक्त कुएं का पानी फिर से मीठा कर देने के लिए कहा, जिसपर माता गुजरी ने कहा कि जैसे जैसे यहां संगत आएगी वैसे वैसे इस कुएं का पानी मीठा होता जाएगा और वास्तव में श्री हरिमन्दिर साहिब में संगत बढने के साथ ही कुएं का पानी मीठा हो गया। तभी से इस कुएं को 'माता का कुआ' कहा जाने लगा और इसी कुएं के पानी से गुरूद्वारे का प्रसाद बनाया जाने लगा। इस गुरूद्वारे में पहुंचकर मत्था टेकने से बेहद की शान्ति का अनुभव होता है। मन्नते मांगने और मन्नते पूरी होने पर मत्था टेकने वालों का यंहा तांता लगा रहता है। इस गुरूद्वारे के बारे में धार्मिक मान्यता है कि प्रत्येक सिख को जीवन में एक बार यहां आकर मत्था जरूर टेकना चाहिए। शायद इसी लिए पटना में सिख धर्म से जुडे लोग तो आते ही है वही अन्य धर्मो से जुडे लोग भी श्री हरिमन्दिर साहिब आकर मत्था टेकते है।



यही वह स्थान है जहां पर खालसा पंथ के जन्मदाता सृजनहार का प्रकाश हुआ। जिस तरह श्री ननकाना साहिब में श्री गुरू नानकदेव के अवतार धारण करने के कारण वह स्थान सिखी का मूल है उसी तरह दसवें गुरू गोविन्द सिंह के यहां अवतार लेने के कारण यह स्थान खालसा पंथ का मूल बन गया है

## कविता

मेरा शहर उजालों का शहर है,

मेरा शहर उजालों का शहर है,
मस्जिदों, शिवालों का शहर है

नाजुक मिजाज,आशिक मिजाज भी,
दिल से बेहद चाहने वालों का शहर है

हम सब के लिए जन्नत से कम नहीं ,
चांदी और सोने के प्यालों का शहर है

कुछ इसे लहूलुहान देखना चाहते हैं,
पर ये अमन के मतवालों का शहर है

बेलोस मोहब्बत यहाँ हर एक गली में,
प्यार की बेजोड़ मिसालों का शहर है

यहाँ आंखों में मेहनत की धनक है
संजीव,
ये अख्लाक की जलती मशालों का
शहर है

संजीव

# गोल्ड रूल अपनाएं, कोल्ड भगाएं!

**घनश्याम बादल**

**दिसंबर** चला गया है और जनवरी के साथ ही नया साल शुरू हो गया है। नया साल इस बार अच्छी खासी सर्दियां लेकर आया है। सर्दियों का मौसम अपने साथ ठंडक, आरामदायक माहौल और उत्सवों की खुशियाँ लेकर आता है लेकिन साथ ही साथ स्वास्थ्य के प्रति अतिरिक्त ध्यान देने की भी जरूरत रहती है। ठंड के मौसम में शरीर अधिक ऊर्जा की मांग करता है और बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में सही खानपान और सावधानी बरतना तो जरूरी हो ही जाता है। मौसम के अनुसार खानपान में बदलाव जो बहुत जरूरी होता है क्योंकि जैसे-जैसे मौसम बदलता है हमारे शरीर की तासीर भी बदलता है और जैसे गर्मी के मौसम में ठंडी प्रकृति की चीज खाना उत्तम रहता है तो बारिश में तली हुई चीज बेहतर होती है इसी तरह सर्दियों में भी गर्म करती की पौष्टिक चीजें अधिक लाभदायक रहती हैं। आईए देखते हैं सर्दियों में क्या खाना लाभदायक एवं सुरक्षित है

**सर्दियों में खानपान**

**खाइए पौष्टिक और गर्म भोजन:**

सर्दियों में शरीर को गर्म रखने के लिए ऐसा खाना खाएं, जो ऊर्जा और पोषण से भरपूर हो। सूखे मेवे बादाम, अखरोट, काजू, और किशमिश घी और मक्खन ऊर्जा के लिए अच्छी रहती है मगर इन्हें भी सीमित मात्रा में खाना चाहिए

**मौसमी सब्जियों में:** गाजर, मटर, शलजम, पालक, सरसों का साग अच्छी खासी मात्रा में उपलब्ध होता है इनका उपयोग भी सेहत के लिए अच्छा है दालें और बीन्स प्रोटीन और फाइबर के अच्छे स्रोत हैं ।

**बहुत जरूरी हैं पेय पदार्थ:**

गर्म पेय पदार्थों में सर्दियों में शरीर को अंदरुनी एवं बाहरी तप देने के लिएअदरक और तुलसी वाली चाय ,हल्दी वाला दूध (गोल्डन मिल्क) और सूप में टमाटर, मिक्स वेज या चिकन सूप लेना अच्छा रहता है। तिल और गुड़ भी सर्दियों में गर्मी प्रदान करते हैं और शरीर को स्वस्थ रखते हैं। तिल-गुड़ के लड्डू या गजक खाना लाभदायक होता है।

**फल और मेवे जरूर खाएं:**

विटामिन और मिनरल्स की पूर्ति के लिए संतरा, नींबू, अमरूद। आयरन और कैल्शियम हेतु दूध, पनीर, हरी पत्तेदार सब्जियाँ पर्याप्त मात्रा में खाते रहना चाहिए । अच्छा खान-पांच जहां शरीर के लिए जरूरी है वही शरीर में पर्याप्त मात्रा में पानी की मात्रा भी जानी चाहिए वैसे तो सर्दियों में शरीर में नमी की मात्रा प्राकृतिक रूप से ही काफी हो जाती है लेकिन फिर भी हाइड्रेशन बनाए रखना जरूरी है। अच्छा हो यदि ठंडे की बजाय गुनगुना पानी पिएं। इसके अलावा यदि घर पर बने हुए गोंद,मेथी या केसर युक्त लड्डू खाए जाएं तो भी शरीर सर्दियों से लड़ने में समर्थ रहता है । उत्तर भारत के राज्यों में छुहानी पीना भी ठंड से लड़ने का एक अच्छा साधन माना गया है। साथ ही साथ इस मौसम में बाजरे उड़द की काली दाल या चने की दाल की खिचड़ी खाना भी पौष्टिक खाने में शामिल किया जाता है।

## विचार

# सबका साथ, विकास व विश्वास का सूत्र "समान नागरिक संहिता"

**विनोद कुमार सर्वोदय**

**देश के** संविधान की मूल आत्मा व सर्वोच्च न्यायालय के आग्रहों का सम्मान करते हुए शासन को "समान नागरिक संहिता" पर गम्भीरता से चिंतन करना चाहिये। अनेकता में एकता का राष्ट्रव्यापी विचार बिना एक समान कानून के अधूरा है। सबका साथ,सबका विकास व सबका विश्वास पाने का सशक्त सूत्र है "समान नागरिक संहिता"। इसके लिए शीर्ष नेतृत्व को अपनी दृढ़ राजनैतिक इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ना होगा। राष्ट्रहित में आज केंद्रीय शासन जिस कार्यकुशलता व निर्णायक क्षमता से समस्याओं का समाधान करने के लिये संघर्षरत है उससे सभी देशवासी उत्साहित है। ऐसे सकारात्मक वातावरण में शासन को सबका साथ, विकास व विश्वास पाने के लिए सबको एक समान कानून के अंतर्गत लाकर इस बहुप्रतीक्षित कार्य को मूर्त रुप देना चाहिये। सामान्यतः यह विचार क्यों नहीं किया जाता कि जब सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को सन् 1985, 1995, 2003 और 2019 में बार बार समाज में घृणा, वैमनस्य व असमानता दूर करने के लिए समान कानून को लागू कराने आवश्यकता जतायी है तो फिर अभी तक कोई सार्थक पहल क्यों नहीं हो पायी? वर्षों पूर्व किये गए एक सर्वेक्षण के अनुसार 84 % देशवासी इस कानून के समर्थन में थे। जबकि इस सर्वे में अधिकांश मुस्लिम माहिलायें व पुरुषों की भी सहभागिता थी। अंतरराष्ट्रीय संस्था 'संयुक्त राष्ट्र संघ' ने भी सन् 2000 में समान नागरिक व्यवस्था अपनाने के लिए भारत सरकार से विशेष आग्रह किया था। "समान नागरिक संहिता का प्रावधान धीरे-धीरे लागू करने की अनुशंसा हमारे संविधान के अनुच्छेद 44 में आरम्भ से ही है। परन्तु मुस्लिम वोट बैंक के लालच व इमामों के दबाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरु जी ने अनेक विवादों के बाद भी "समान नागरिक संहिता" के प्रावधान को संविधान के मौलिक अधिकारों की सूची से हटा कर "नीति निर्देशक तत्वों" में डलवा दिया। परिणामस्वरूप यह विषय न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र से बाहर हो गया और वह अब केवल सरकार को इस कानून को बनाने के लिए परामर्श दे सकती हैं, बाध्य नहीं कर सकती। अनेक विवादों के बाद भी सुधार के लिए हिन्दुओं के पर्सनल लॉ होने के उपरांत भी उसके स्थान पर 1956 में उन पर हिन्दू कोड बिल थोपा गया था। परंतु अन्य धर्मावलंबियों के पर्सनल लॉ को यथावत बनाये रखने की क्या बाध्यता थी जबकि उनमें भी आवश्यक सुधारों की आवश्यकता जब भी थी और अब भी बनी हुई है। निसन्देह मुस्लिम पर्सनल लाँ के यथावत बने रहने से मुस्लिम कट्टरता के दुःसाहस ने देश में घृणा के वातावरण को ही उकसाया है। विश्व के किसी भी देश में धर्म के आधार पर अलग अलग कानून नहीं होते, सभी नागरिकों के लिए एक सामान व्यवस्था व कानून होते हैं। केवल भारत ही एक ऐसा देश है जहाँ अल्पसंख्यक समुदायों के लिए पर्सनल लॉ बने हुए हैं।

जबकि हमारे संविधान के अनुच्छेद 15 के अनुसार धर्म, लिंग, क्षेत्र व भाषा आदि के आधार पर समाज में भेदभाव नहीं करता और एक समान व्यवस्था सुनिश्चित करता है। लेकिन संविधान के अनुच्छेद 26 से 31 में कुछ ऐसे व्यवधान हैं जिससे हिंदुओं के सांस्कृतिक,शैक्षिक व धार्मिक संस्थानों एवं ट्रस्टों को विवाद की स्थिति में शासन द्वारा अधिग्रहण किया जाता रहा है। जबकि अल्पसंख्यकों के संस्थानों आदि में विवाद होने पर शासन कोई हस्तक्षेप नहीं करता, यह भेदभाव क्यों ? इसके अतिरिक्त एक और विचित्र व्यवस्था संविधान में की गई कि अल्पसंख्यकों को अपनी धार्मिक शिक्षाओं को पढ़ने व पढ़ाने की पूर्ण स्वतंत्रता हैं,जबकि बहुसंख्यक हिन्दुओं के लिए यह धारणा मान ही ली थी कि वह तो अपनी धर्म शिक्षाओं को पढ़ाते ही रहेंगे। अतः हिन्दू धर्म शिक्षाओं को पढ़ाने का प्रावधान संविधान में लिखित रूप में नही किये जाने का दुष्परिणाम यह हुआ कि आज तक हिन्दुओं को उनके धर्म शास्त्रों की शिक्षा की कोई अधिकारिक व्यवस्था नहीं होने से वे अपने धर्म मार्ग से विमुख होते जा रहे हैं। आज तक हिन्दू समाज इस अन्याय के प्रति आक्रोशित तो हैं परन्तु संवैधानिक विवशता से बंधा हुआ हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# सेप्टिक टैंक में ' बस्तर जंक्शन '

**राकेश अचल**

**लिखते** हुए हाथ कांपते नहीं हैं ,दिल में सिहरन जरूर होती है, 'हमपेशा' मुकेश चंद्राकर के बारे में सोचकर। 33 साल के मुकेश चंद्राकर बस्तर के रवीश कुमार थे,हालाँकि उन्हें कोई रमन मेग्सेसे पुरस्कार नहीं मिला था। उन्हें सच लिखने का ईनाम मिला ,लेकिन मौत की शक्ल में। मुकेश चंद्राकर की हत्या कर उनका शव एक सेप्टिक टेंक में डाल दिया गया। लेकिन मुकेश की हत्या लाख कोशिशों के बाद भी छिपाई नहीं जा सकी ,हाँ अब मुकेश के हत्यारे को बचाने की कवायद और राजनीति जरूर हो रही है। बस्तर में चंद्राकर ही चंद्राकर के कातिल हो सकते हैं ,इसकी कल्पना करना आसान नहीं है ,लेकिन ऐसा हुआ ,क्योंकि सभी चंद्राकर एक जैसे नहीं होते। सभी चंद्राकर चंदूलाल चंद्राकर नहीं होते,सभी मुकेश चंद्राकर नहीं होते। मै चंदूलाल चंद्राकर को जानता था। वे अपने जमाने के एक शालीन पत्रकार थे और हिंदुस्तान जैसे अखबार के सम्पादक रहे । कांग्रेसी थे ,लेकिन जमीन से जुड़े थे ,उनकी वजह से ही पृथक छत्तीसगढ़ की नीव पड़ी। इसी छत्तीसगढ़ में मुकेश चंद्राकर भी हुए। वे अपने सीमित साधनों से बस्तर में भय,भ्ष्टार्चार और कुशासन के खिलाफ अलख जगाये हुए थे। मुकेश चंद्राकर 2025 की पहली रात से ही अपने घर से लापता थे। मुकेश ने स्वतंत्र पत्रकार के तौर पर एक नेशनल टीवी चैनल के लिए काम शुरू किया और साथ में ही वे यूट्यूब पर अपना चैनल 'बस्तर जंक्शन' का संचालन भी करते थे। इस चैनल पर बस्तर की अंदरूनी खबरें प्रसारित होती थीं, इसीलिए ये चैनल लोकप्रिय.भी था। मुकेश केवल पत्रकार ही नहीं थे बल्कि एक सामाजिक कार्यकर्ता भी थे। वे उग्रवादियों में भी विश्वसनीय थे ,ग्रामीणों में भी और पुलिस में भी ,लेकिन वे अलोकप्रिय थे भ्रष्ट नेताओं में ,अफसरों में। और उनका यही रूप उनकी जान का दुश्मन बन गया। मुझे किसी ने बताया कि बस्तर में माओवादियों की ओर से अपहृत पुलिसकर्मियों या ग्रामीणों की रिहाई में मुकेश ने कई बार महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुकेश की हत्या का आरोप उनके ही सजातीय ठेकेदार .सुरेश चंद्रकार पर है। वो कांग्रेस का नेता है ,इसलिए भाजपा के लिए मुकेश की हत्या राजनीति का औजार बन गयी।

# नए साल की चुनौतियां और हमारी जिम्मेदारी

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

**नया साल** प्रारंभ हो रहा है । आज जन मानस के जीवन में मोबाईल इस कदर समा गया है कि अब साल बदलने पर कागज के कैलेंडर बदलते कहां हैं ?अब साल , दिन ,महीने , तारीखें, समय सब कुछ टच स्क्रीन में कैद हाथो में सुलभ है । वैसे भी अंतर ही क्या होता है , बीतते साल की आखिरी तारीख और नए साल के पहले दिन में , आम लोगों की जिंदगी तो वैसी ही बनी रहती है । हां दुनियां भर में नए साल के स्वागत में जश्न , रोशनी , आतिशबाजी जरूर होती है । लोग नए संकल्प लेते तो हैं , पर निभा कहां पाते हैं? कारपोरेट जगत में गिफ्ट का आदान प्रदान होता है , डायरी ली दी जाती है , पर सच यह है की अब भला डायरी लिखता भला कौन है ? सब कुछ तो मोबाइल के नोटपैड में सिमट गया है ।देश का संविधान भी सुलभ है , गूगल से फरमाइश तो करें । समझना है की संविधान में केवल अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी तो दर्ज हैं। लोकतंत्र के नाम पर आज स्वतंत्रता को स्वच्छंद स्वरूप में बदल दिया गया है ।

इधर मंच से स्त्री सम्मान की बातें होती हैं उधर भीड़ में कुत्सित लोलुप दृष्टि मौका मिलते ही चीर हरण से बाज नहीं आती । स्त्री समानता और फैशन के नाम पर स्त्रियां स्वयं फिल्मी संस्कृति अपनाकर संस्कारों का उपहास करने में पीछे नहीं मिलती । देश का जन गण मन तो वह है , जहां फारूख रामायणी अपनी शेरो शायरी के साथ राम कथा कहते हैं . जहां मुरारी बापू के साथ ओस्मान मीर , गणेश और शिव वंदना गाते हैं . पर धर्म के नाम पर वोट के ध्रुवीकरण की राजनीति ने तिरंगे के नीचे भी जातिगत आंकड़े की भीड़ जमा कर रखी है । इस समय में जब हम सब मोबाइल हो ही गए हैं, तो आओ नए साल के अवसर पर टच करें हौले से अपने मन , अपने बिसर रहे संबंध , और अपडेट करें एक हंसती सेल्फी अपने सोशल मीडिया स्टेटस पर नए साल में, मन में स्व के साथ समाज वाले भाव भरे सूर्योदय के साथ । यह शाश्वत सत्य है कि भीड़ का चेहरा नहीं होता पर चेहरे ही लोकतंत्र की शक्तिशाली भीड़ बनते हैं । सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर सेल्फी के चेहरों वाली संयमित एक दिशा में चलने वाली भीड़ बहुत ताकतवर होती है।

## न्यूज फ्लैश

### सीता अस्पताल के एम डी व प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक डा. संजय जैन के निधन पर जताया शोक



**गन्नौर।** रेलवे रोड स्थित सीता अस्पताल के एम.डी व प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक डा. संजय जैन का दिल का दौरा पड़ने से अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे 50 साल के थे। संजय जैन को शनिवार को अचानक से छाती में दर्द हुआ। उसके बाद उन्हें उपचार के लिए सोनीपत के निदान अस्पताल में दाखिल करवाया गया। जहां उपचार के दौरान डा. संजय जैन ने दम तोड़ दिया। अपने पीछे पत्नी, एक बेटे व दो बेटी का छोड़ गए। स्वर्गीय डा. संजय जैन चिकित्सकों की आईएमए गन्नौर के सचिव रहे व रोटरी क्लब गन्नौर के प्रधान भी रहे। उनके निधन की सूचना से शहर में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को दोपहर डा. संजय जैन का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में विधायक देवेन्द्र कादियान के भाई समाजसेवी विरेन्द्र कादियान, नगरपालिका चेयरमैन अरूण त्यागी, शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, पार्षदों, आईएम सोनीपत के पूर्व प्रधान परमजीत दहिया, डा.प्रशांत त्यागी, डा. एन के मित्तल, डा. मनोज राय, डा. तुषार राय, डा. सी पी शर्मा, डा. वेद राठी, डा. जोगेन्द्र धनखड़, डा. श्याम जैन, जिला व्यापार मंडल प्रधान संजय सिंगला, व्यापार मंडल प्रधान शेखर जैन, प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन से अजय भुक्कर, रविन्द्र धनखड़, अजय यादव, जगबीर सहित विभिन्न अधिकारी शामिल हुए और भगवान से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। समाजसेवी विरेन्द्र कादियान ने कहा कि स्वर्गीय डा. संजय जैन बहुत ही मिलनसार स्वभाव के थे। उनके द्वारा किए गए कार्य के कारण उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। कोविड के दौरान भी डा. संजय ने लोगों का पूरा सहयोग किया। उनकी कार्यशैली की आज हर कोई सराहना कर रहा है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से साले की मौत, जीजा घायल

**गन्नौर।** रेलवे रोड मलिक धर्मकांटा के पास शनिवार देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका जीजा घायल हो गया। सूचना के बाद थाना बड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत अस्पताल के शवगृह में भिजवा दिया। घायल ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में अलापुर, जिला बदायूं, उत्तरप्रदेश के रहने वाले विकास ने बताया कि वह अपने साले नीरज के साथ बाइक पर खाना लेने गन्नौर चौक फ्लाईओवर की तरफ जा रहे थे। जब वे रेलवे रोड पर मलिक धर्मकांटा के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही एक अज्ञात गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उसका साला नीरज गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई और उसे भी चोटें आईं। विकास ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपित वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### दीपक त्यागी ने वायु सेना में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा से कार्य किया: पुनीत



**राई।** वायुसेना के असम चबवा केन्द्र से सेवानिवृत हुए दीपक त्यागी का अखिल भारतीय गालव त्यागी ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत त्यागी ने स्वागत कार्यक्रम में सम्मान किया। पुनीत त्यागी ने संबोधित करते हुए कहा कि दीपत त्यागी ने भारतीय वायु सेना में बेहतर ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा से अपना कार्य किया। समाज को उनके ऊपर गर्व है। इस मौके पर जैनपुर के सरपंच परविंदर त्यागी, राकेश कौशिक, राकेश पूर्व सरपंच, विजेंद्र त्यागी, अनीश त्यागी, सोनू त्यागी, तेजपाल त्यागी दिनेश त्यागी, प्रमोद त्यागी आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# संचार कौशल व आत्मविश्वास कामयाबी का आधार : अरुण कैहरबा

## विद्यार्थियों को मौखिक व लिखित अभिव्यक्ति का सचेत रूप से अभ्यास करना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए संचार कौशलों में निपुणता की विशेष अहमियत है। जो व्यक्ति दूसरों की बात को सुनने और स्पष्टता के साथ अपने विचारों को व्यक्त कर सकता है, वह सहज ही आगे बढ़ जाता है। विद्यार्थियों को सुनकर और पढकर सीखने के साथ-साथ मौखिक व लिखित अभिव्यक्ति का सचेत रूप से अभ्यास करना चाहिए।
यह विचार हिन्दी प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा ने गांव गढ़ीबीरबल स्थित पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन व्यक्तित्व विकास और अभिव्यक्ति कौशल विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किए। शिविर की अध्यक्षता एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शमशेर सिंह ने की और संचालन अंग्रेजी प्राध्यापक श्याम लाल व पीटीआई बृजभूषण ने किया। गांव के सरपंच राजेश प्रिंस ने समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विद्यार्थियों को मन लगाकर पढने. और नशे जैसी बुराईयों से दूर रहने का संदेश दिया।
हिंदी प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा ने कहा कि एक सफल संचार तभी होता है, जब विचारों का आदान प्रदान होता है। यदि अच्छे श्रोता नहीं बनते तो अच्छे वक्ता भी नहीं बन सकते और यदि हम अच्छे पाठक नहीं बनते तो अच्छे लेखक भी नहीं बन सकते। उन्होंने कहा कि कामयाबी की सीढियां चढने. वाले हर व्यक्ति को अपने आप के साथ संचार भी करना होता है। अपनी दिनचर्या की समीक्षा, प्रतिदिन क्या खोया-क्या पाया का हिसाब तथा अपने संकल्प और लक्ष्य निर्धारित करने की प्रक्रिया में अपने आप के साथ संवाद बहुत महत्वपूर्ण है।
उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने अंदर चल रही हलचल की अनसुनी करता है, वह उसी अनुपात में दूसरों के साथ संचार करने में भी विफल होता है।

## राई के विधायक व सांसद सप्ताह में 1 दिन जनता दरबार जरूर लगाए: जयहिन्द



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई: जयहिन्द सेना द्वारा** योद्धा खानदान जयहिन्द को रोटी-दान मुहीम चलाई गई है। इसी कड़ी में रविवार 5 जनवरी को जिला सोनीपत के राई निवासी प्रमोद कौशिक ने नवीन जयहिन्द को अपने आवास पर बुलाकर खाना खिलाया और इक्कीस हजार रुपए दान दिए। जयहिन्द ने प्रमोद कौशिक व उनके पूरे परिवार का आभार जताया। जयहिन्द ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी व रविवार 12 जनवरी को रोहतक तम्बू में आयोजित होने वाले भंडारे का न्योता दिया। जयहिन्द ने 7027झ822झ822 नंबर जारी करते हुए बताया कि जो भी साथी जयहिन्द सेना से जुड़ना चाहता है वह हमारे इस नंबर पर कॉल करके हमसे सीधा जुड़ सकता है। जयहिन्द ने बताया कि प्रमोद बहुत ही संघर्षशील आदमी है और हमारे हर अच्छे बुरे समय में हमेशा आगे खड़ा मिलते है। आज हम प्रमोद व उनके परिवार का रोटी-दान के लिए बहुत आभार व्यक्त करते है।
जयहिन्द ने कहा कि राई विधानसभा के हारे हुए व जीते हुए एमएलए-एमपी को सप्ताह में 1 दिन लोगो की समस्या सुनने व उनके समाधान करवाने के लिए जनता दरबार जरूर लगाना चाहिए।

### गौशाला से दो गाय, एक सांड व एक बछड़ा हुआ चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** सर्दी का सितम शुरू होते हीं पशु चोर इन दिनों सक्रिय हो गए हैं। बीते दिनों भी पशु चोरों ने क्षेत्र में दो जगह गांव पाल व जड़वा में पशु चोरी की घटना को अंजाम दिया था। अब फिर से चोरों ने बीती रात्रि को बाबा खेतानाथ गौशाला खेड़की में दो गाय, एक सांड व व एक बछड़ा चोरी करके ले गए हैं। गोशाला प्रधान ने सदर पुलिस थाने में शिकायत देकर पशु को बरामद करने की मांग की है तथा चोर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई हैं। पुलिस ने गोशाला प्रधान की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# कुलदीप ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**टीम एक्शन इंडिया**
**लालचंद कसाना**



**नारनौल।** ब्लाक खंड के गांव जैलाफ में जय बाबा अर्जुन नाथ जी महाराज क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिसमें मुख्य बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर जैलाफ गांव के कुलदीप सिंह भरगड़ एडवोकेट ने शिरकत की। भरगढ़ ने फीता काट कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया व सभी खिलाड़ियों को संबोधित कर खेलों का महत्व और युवाओं को खेलों में हिस्सा लेने के बारे प्रोत्साहित किया। उन्होंने बाहर से खेलने आईं सभी टीमों का गांव जैलाफ निवासी होने के नाते स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रतियोगिता में लगभग 35/40 टीमों के पहुंचने की संभावना है। कमेटी ने प्रथम विजेता टीम का नगद इनाम 31000 रुपए और द्वितीय रहने वाली टीम को 21000 रुपए पुरुस्कार रखा हुआ है, कुलदीप भरगड़ ने खेल आयोजक कमेटी और गांव के युवा साथियों का भी धन्यवाद किया।अक्सर समयझसमय पर उन्हें अपने ही गांव में बुलाकर सम्मान और प्रेम देते रहते हैं। इस अवसर पर युवाओं को प्रोत्साहित करने हेतु उन्होंने जय बाबा अर्जुन नाथ जी महाराज क्रिकेट प्रतियोगिता कमेटी को 21000 रुपए की सहयोग राशि दी। इस अवसर पर उनके साथ उनके साथी मनोज ढेहनवाल, राकेश यादव ,व मनोज सरपंच ,उपस्थित रहे।गांव के युवाओं ने कुलदीप सिंह भरगड़ एवं उनके साथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया जिसमें मुख्यत कृष्ण रावत, डीएन भरगड़, मुकेश भरगड़,, टिंकू पहलवान, एवं अन्य गांव के युवा साथी उपस्थित रहे।

**सहयोग राशि**

**कुलदीप ने खेलों का महत्व और युवाओं को खेलों में हिस्सा लेने के बारे में प्रोत्साहित किया:**

### नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। यादव** सभा एवं राहत ग्रुप के तत्वाधान में स्थानीय यादव धर्मशाला में 173 वें नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, राहत ग्रुप के एवं वेद प्रचार मंडल प्रधान डॉ. प्रेमराज आर्य की अध्यक्षता में लगाया गया। शिविर के मुख्यातिथि एवं शिविर आयोजक जिन्होंने पूरे नेत्र जांच शिविर का खर्च वहन किया। यादव सभा उपाध्यक्ष तथा आर्य समाज महेंद्रगढ़ के प्रधान दैनिक यज्ञकर्ता पंडित भूपेंद्र आर्य ने अपने पिता की पुण्य स्मृति में उनकी आत्मिक शांति के लिए इस शिविर का आयोजन करवाया। शिविर हवन के साथ प्रारंभ किया गया, यजमान सूबेदार मेजर नित्यानंद आर्य सहधर्मिणी संतोष आर्या यज्ञपुरोहित पंडित धुरेंद्र आर्य एवं आर्य समाज गाहडा के प्रधान ग्राम गौरव से सम्मानित रामेश्वर दयाल शास्त्री एंव शैलजा यादव के द्वारा हवन संपन्न कराया गया। राहत ग्रुप प्रधान प्रेमराज आर्य एवं यादव सभा के प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव एवं समस्त कार्यकारिणी ने मुख्यातिथि पंडित भूपेंद्र आर्य एवं सुबेदार मेजर नित्यानंद आर्य गाहडा का पगड़ी, लोई, एवं फूल मालाओं से स्वागत किया। साथ ही बिमला आर्या को शाल एवं फूलमाला से उनका स्वागत किया।

# बैठक: खेती और बेरोजगारी के मुद्दों पर किसान एकजुट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** जिले के गांव गुढ़ा में भारतीय किसान यूनियन ब्लॉक घरौंडा की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सेवा सिंह आर्य ने की। बैठक में किसानों ने खेती में लागत के अनुपात में लाभकारी मूल्य की मांग और बढ़ती बेरोजगारी पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जब तक उन्हें लागत आधारित लाभकारी मूल्य नहीं मिलेगा, तब तक न किसानों की समृद्धि होगी और न ही देश की तरक्की। बैठक में विभिन्न किसान नेताओं ने विचार साझा किए और कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए। मीटिंग में सबसे पहले 7 जनवरी 1993 को शहीद हुए लखपत और मामचंद की शहादत के उपलक्ष्य में शहीदी दिवस की तैयारी पर चर्चा हुई। यह दिवस गांव पबनावा में मनाया जाएगा। किसानों ने बड़े पैमाने पर वहां पहुंचने का निर्णय लिया और ज्यादा से ज्यादा किसानों से शिरकत करने की अपील की।
बैठक में किसानों ने सरकार से मांग की कि देश में बेरोजगारी की विकराल होती समस्या का समाधान किया जाए। नौजवानों को देश में ही रोजगार मिले, ताकि उन्हें पलायन न करना पड़े। किसान नेताओं ने कहा कि रोजगार की कमी के चलते युवा अपनी जमीन-जायदाद तक बेचकर विदेशों का रुख कर रहे हैं। यदि यही स्थिति बनी रही तो जल्द ही गांवों में युवाओं की संख्या नगण्य हो जाएगी। किसानों ने चेताया कि इस गंभीर समस्या का समाधान तुरंत किया जाना चाहिए। किसानों ने मांग की कि कृषि योग्य भूमि का उपयोग सिर्फ खेती के लिए किया जाए और इसे उद्योगों या कॉलोनियों के निर्माण में न दिया जाए। उन्होंने एक सख्त कानून बनाने की मांग की, जिसके तहत केवल किसान ही कृषि भूमि खरीद सकें। बैठक में यह भी प्रस्ताव रखा गया कि फैक्ट्रियां बंजर या खाली जमीनों पर ही लगाई जाएं, ताकि उपजाऊ जमीन बर्बाद न हो।
किसानों ने कर्ज माफी के साथ नए कर्ज पर नाममात्र की ब्याज दर लागू करने की मांग की।

# पांच प्यारों की अगुआई में सिख समुदाय ने शहर में नगर कीर्तन निकाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**



**पानीपत** के समालखा में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की हजूरी में और पांच प्यारों की अगुआई में रविवार को सिख समुदाय ने शहर में नगर कीर्तन निकाला। इस दौरान प्रधान जगतार सिंह बिल्ला के नेतृत्व में पालकी साहिब को आकर्षक तरीके से सजाया गया।
पानीपत की गतका पार्टी के द्वारा हैरतअंगेज करतब भी दिखाए गए। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में संगत साथ चली। वहीं हिंदू जन जागृति मिशन ने प्रधान विकास छौक्कर और उपप्रधान प. सूरत शर्मा अपनी पूरी टीम के साथ नगर कीर्तन में सम्मिलित हुए। शहर के मॉडल टाउन स्थित गुरुद्वारा प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने बताया कि साहिब-ए-कमाल, सरबंसदानी और दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व पर शहर में नगर कीर्तन निकाला गया।

### साइबर अपराधो के प्रति जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने पैरामाउंट कोचिंग सेंटर कनीना में साइबर जागरूकता अभियान के तहत सेमिनार का आयोजन किया।
टीम द्वारा विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए उनके सामने विचार सांझा करते हुए बताया कि साइबर अपराधी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स फेसबुक/इंस्टाग्राम/टेलीग्राम के माध्यम से आपकी फोटो डाउनलोड करके फेक आईडी बनाकर साइबर अपराध करते हैं। ऐसे मे अपनी सभी प्रोफाइल को सेटिंग के माध्यम से प्रोफाइल लॉक लगा कर रखें।

# जन सहयोग संस्था समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभा रही

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** बताते हुए बड़ा गर्व महसूस हो रहा है की वस्ताव में ही जन सहयोग संस्था कुरुक्षेत्र में समाज सेवा के लगातार बेहतरीन कार्य कर रही है। जन सहयोग संस्था गैर राजनीतिक संस्था है। इस संस्था में सभी प्रकार के लोग सहयोग करते हैं। समाजसेवी संस्था प्रतिदिन एलएनजेपी अस्पताल में खिचड़ी वितरित करती है। निशुल्क चाय वितरित करती है और यदि किसी जरूरतमंद को कपड़ों की जरूरत है तो जन सहयोग संस्था कपड़े भी मुहैया करवाती है। यह संस्था लगातार रक्तदान शिविर लगाकर के लोगों की जान बचाने का कार्य करती है ।इस संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र जीतू जो 24 घंटे लोगों की सेवा करने के लिए तत्पर रहते हैं । उन्ही के प्रयास से यह संस्था दिन प्रतिदिन समाज सेवा के कार्यों में आगे बढ़ रही है। विकलांगों को व्हीलचेयर मुखिया करवाना इस संस्था का मुख्य ध्येय है ।समय-समय पर जरूरतमंद मरीजों को यह संस्था बर्तन भी मुहैया करवाती है। सर्वाइकल से पीड़ित मरीजों को फ्री में फिजियोथैरेपी भी देती है ।जन सहयोग समाज सेवी संस्था नाना प्रकार के पुण्यात्मक कार्य करने में सदैव संलग्न रहती है जो कार्यकर्ता इस संस्था के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं वह बधाई के पात्र हैं ।जन सेवा सहयोग संस्था कुरुक्षेत्र की ओर से सभी से अपील की जाती है कि जो भी समर्थ व्यक्ति है वह अवश्य संस्था के साथ जुड़कर जरूरतमंदों की सेवा हेतु आवश्यक सहयोग करें। जन सहयोग संस्था जरूरतमंद असाहय एवं गरीब कन्याओं की शादी भी करवाती है संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र क्या कहना है कि जरूरतमंद और असहाय कोई भी आकर संस्था से सहयोग ले सकता है।

# पीएम विश्वकर्मा योजना से दस्तकारों के जीवन स्तर में होगा सुधार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सरकार द्वारा श्रमिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए पीएम-विश्वकर्मा योजना शुरू की है। इस योजना में 18 हस्त व्यवसायों को शामिल किया गया है। इसलिए इस योजना में जिला के अधिकाधिक नागरिकों को लाभ दें, ताकि सरकार का अन्त्योदय का लक्ष्य पूरा हो सके। उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि योजना का गांव स्तर पर पूरा प्रचार करें और लाभार्थी को मौके पर ही लाभ देने की कोशिश करें, ताकि अधिकाधिक लोग इसका फायदा उठा कर अपने जीवन स्तर को उंचा उठा सकें।
उन्होंने बताया कि इस योजना में नाव बनाना, शस्त्रागार, लुहार, हथौड़ा व लोहे के औजार बनाना, ताला बनाना, सुनार, कुंभकार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी, सुथार, चटाई बनाना, गुडिया व खिलौने बनाना, बारबर, धोबी, दर्जी और मछली पकडने के जाल बनाने का काम शामिल है। योजना में विभिन्न व्यवसायों से जुड़े दस्तकारों को प्रशिक्षण, टूल किट व बैंक लोन की सुविधा प्रदान की जाएगी। योजना में कारीगरों को पहले पीएम विश्वकर्मा.जीओवी.इन पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होगा। उन्होंने कहा कि सरपंच या यूएलबी के संबंधित कर्मचारी को लोगिंन आईडी बनाने में कोई परेशानी आए तो वे विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

**अन्त्योदय**

**इस योजना में जिला के अधिकाधिक नागरिकों को लाभ दें, ताकि सरकार का अन्त्योदय का लक्ष्य पूरा हो सके**

उन्होंने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत, कारीगरों और शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा प्रमाण.पत्र और पहचान.पत्र के माध्यम से मान्यता प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत पांच प्रतिशत की रियायती ब्याज दर के साथ एक लाख रुपये (पहली किश्त) और दो लाख रुपये (दूसरी किश्त) तक ऋण सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के तहत कौशल उन्नयन, टूलकिट प्रोत्साहन, डिजिटल लेन-देन के लिए प्रोत्साहन और विपणन सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के लागू होने से श्रमिकों के बच्चों को मिलने वाली सहायता में भी वृद्धि हुई है। योजना का लाभ लेने के लिए कारीगरों को पोर्टल पर पंजीकरण करवाना जरूरी है।
उन्होंने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य दस्तकारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। योजना से गांवों और शहरों के उन कुशल कारीगरों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जो अपने हाथों से काम करके अपना जीवनयापन करते हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के बाद इन कारीगरों को जिला में स्थापित किए गए कौशल विकास केंद्रों में पांच दिन की ट्रेनिंग करवाई जाएगी और टूल किट खरीदने के लिए 15 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा।
उपायुक्त ने बताया कि पीएम.विश्वकर्मा योजना के तहत श्रमिक की बेटी के लिए जो कॉलेज जाती है, उसको इलेक्ट्रिक स्कूटी के लिए 50 हजार रूपए तथा श्रमिक को साइकिल खरीदने के लिए पांच हजार रुपए दिए जाएंगे। इसी प्रकार से महिला श्रमिक को सिलाई मशीन खरीदने के लिए 4500 रुपए, श्रमिक के स्कूल जाने वाले बच्चों को 9, 10वीं तथा आईटीआई व डिप्लोमा के छात्र को 10 हजार रुपए दिए जाएंगे। 11वीं व 12वीं के छात्र को 12 हजार रुपए दिए जाएंगे।

# अवैध असला सप्लायर को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर पानीपत पुलिस ने की पूछताछ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**
सीआईए श्री पुलिस की टीम अवैध असला सप्लायर को शनिवार को करनाल जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। आरोपी नवीन निवासी राक्सेहडा आर्म्स एक्ट के अन्य मामले में करनाल जेल में बंद था। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि उनकी टीम ने 26 मार्च 2024 को चौटाला रोड पर पावर हाउस के पास नवाब उर्फ बंगाली निवासी कदमगाची उत्तर दिनाजपुर पश्चिम बंगाल हाल सेक्टर 25 को दो अवैध देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसको अवैध हथियार रखने का शौक है। शौक पूरा करने के लिए आरोपी ने दोनों अवैध देशी पिस्तौल अपने दोस्त नवीन पुत्र राजेंद्र निवासी राक्सेहडा से लेने बारे स्वीकारा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना में औद्योगिक सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पूछताछ के बाद आरोपी नवाब उर्फ बंगाली को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद आरोपी असला सप्लायर नवीन की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पुलिस टीम को गत दिनों सूचना मिली कि असला सप्लायर आरोपी नवीन दिसम्बर 2024 में करनाल में अवैध हथियार सहित पकड़ा गया है। सीआईए श्री पुलिस की टीम शनिवार को आरोपी नवीन को करनाल जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। पूछताछ में आरोपी नवीन ने साथी आरोपी नवाब उर्फ बंगाली को दो अवैध देसी पिस्तौल देने बारे स्वीकारा।

**खुलासा**

**पूछताछ में आरोपी नवीन ने साथी आरोपी नवाब उर्फ बंगाली को दो अवैध देसी पिस्तौल देने बारे स्वीकारा**

## न्यूज फ्लैश

### दुकान में घुसकर दुकानदार पर डंडों से हमला कर घायल करने का आरोप

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में घी दुकानदार पर डंडों से हमला कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है। गली नंबर-3 राजीव कॉलोनी नरेला हाल में घी मील कुंडली निवासी विनोद कुमार ने बताया कि वह गत 31 दिसंबर को अपनी दुकान पर मौजूद था। उसी दौरान मुंह पर कपड़ा बांधकर हाथ में डंडे लिए दो युवक दुकान के अंदर आए। उसके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट का विरोध करने पर बाहर खड़े अन्य लड़के भी अंदर आकर मारपीट करने लगे। उसके बाद वह बेहोश होकर गिर गया। हमलावर डंडों सहित मौके से फरार हो गए। पड़ोसी ने मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया। उसके बाद उसका भाई कमल व पत्नी मौके पर पहुंची। उसे उपचार के लिए अस्पताल में लेकर आए। उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। मामले की सूचना पुलिस को मिलते ही कुंडली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां घायल के बयान दर्ज किए गए। जांच अधिकारी एसआई राहुल ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। हमलावरों की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द हमलावरों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### मारपीट कर गाड़ी से कंबल, रुपये व फोन लूटने की वारदात में शामिल तीन आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: क्राइम** यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत पुलिस टीम ने मारपीट कर गाड़ी से कंबल, रुपये व फोन लूटने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपित आदिल व आमिर व मन्नू निवासी पानीपत का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपितों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। गांव अननतपुर उत्तर प्रदेश निवासी कृष्णा ने 17 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि ट्रांसपोर्ट की गाड़ी पानीपत से 62 बोरे कंबल लोड करके पानीपत से दिल्ली के लिए चली थी। वह बहालगढ़ पुल से पहले गाड़ी से उतर कर पेशाब करने लगा। उसी दौरान दो लड़के उतरकर आए। उसे जबरदस्ती गाड़ी में डाल लिया। उसके बाद उसके साथ मारपीट करने लगे। उसे खेत में पेड़ से रस्सी से पैर बांध दिए। उसके बाद फरार हो गए। किसी तरह वह उसने खुद को बंधन से मुक्त करवाया। उसके बाद वह बहालगढ़ पुल के पास आया तो उसकी गाड़ी नहीं मिली। हमलावरों ने उसकी गाड़ी व बाइस सौ रुपये, मोबाइल भी छीन लिया था। उसके जीपीएस के जरिए गाड़ी की लोकेशन गढ मिर्कपुर गांव के पास मिली। मौके पर पहुंचकर सामान की जांच की तो 50 बोरे कंबल कम मिले। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

### अवैध हथियार सहित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: एसएजी** यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित हितेश उर्फ मन्नू निवासी फाजिलपुर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मुख्य सिपाही कृष्ण की टीम तीन जनवरी को बहालगढ़-सोनीपत रोड पर दीवान फार्म पर मौजूद थी। उसे जानकारी मिली कि एक युवक संदिग्ध हालत में घूम रहा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर युवक को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक पिस्तौल देशी बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ सेक्टर-27 थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

# संस्कृत की अनिवार्यता का लिया संकल्प, प्रांत सम्मेलन का हुआ शुभांरभ

## कार्यकर्ता वाणी में मधुरता, पैरों में गति, मस्तिष्क में शीतलता के साथ संगठन में करें भागीदारी: हुल्लास चंद

**संस्कृत भारती**

**जब तक ऊर्जा नहीं होगी, कार्य की शुरूआत हो ही नहीं हो पाएगी, मधुर वाणी से शत्रु को भी अपना बनाया जा सकता है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा/कुलदीप सिंह**
**प्रदेश** के स्कूलों में कक्षा छठी से दसवीं तक संस्कृत की अनिवार्यता के संकल्प के उद्घोष के साथ रविवार को पट्टी कल्याणा के सेवा साधना ग्राम विकास केंद्र में संस्कृत भारती के दो दिवसीय प्रांत सम्मेलन की शुरूआत हुई। सम्मेलन में संगठन विस्तार में कार्यकताओं की भूमिका के साथ-साथ आगामी योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। उद्घाटन सत्र में विधानसभा में संस्कृत में शपथ लेने वाले रेवाड़ी के विधायक लक्ष्मण यादव, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप का भी सम्मान किया गया। तीनों विधायकों ने विधानसभा में संस्कृत के प्रत्येक कार्य की समर्पण भाव से आवाज उठाने की बात कही। दो दिवसीय सम्मलेन में विभिन्न प्रकार के सत्र के तहत कार्यकताओं की भागीदारी रहेगी। रविवार को पट्टी कल्याणा के सेवा साधना आश्रम में संस्कृत भारती द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रांत सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य वक्ता संस्कृत भारती के अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख हुल्लास चंद ने कहा है कि कार्यकर्ता के हृदय में अग्नि, पैरों में गति, मुख में मधुरता और मस्तिष्क में शीतलता का होना जरूरी है। जब तक ऊर्जा नहीं होगी, कार्य की शुरूआत हो ही नहीं हो पाएगी, मधुर वाणी से शत्रु को भी अपना बनाया जा सकता है। मस्तिष्क शीतल होगा तो रास्ता सही अपनाया जाएगा। भारत की संस्कृति विश्व प्रसिद्ध है। इसे बनाए रखना हम सब का दायित्व है। समय अनुकूल हो तो सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं। रामलला मंदिर निर्माण इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने कहा कि संस्कृत के प्रति आज समय और माहौल दोनों अनुकूल है।

**संस्कृत की अनिवार्यता पर एकमत दिखे सभी विधायक**

सम्मेलन को संबोधित करते हुए रेवाड़ी के विधायक लक्ष्मण यादव ने कहा कि यदि अपनी सभ्यता संस्कृति और इतिहास को जानना है तो संस्कृत को न केवल पढ़ना होगा अपितु इसे आत्मसात भी करना होगा। करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि मेरे लिए संस्कृत में शपथ लेना किसी गौरव के पल से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि हमें अपनी संस्कृति को बचाए रखना है तो संस्कृत का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करना होगा।

इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि प्रदेश में संस्कृत को कक्षा छठी से दसवीं तक अनिवार्य करना आवश्यक है। इस बारे में मुख्यमंत्री तक संस्कृत भारती की बात को प्रमुखता से पहुंचाएंगे। संस्कृत कठिन भाषा नहीं है। यह सबसे सरल है। जो सरलता संस्कृत में है, वो किसी अन्य भाषा में नहीं है। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता संस्कृत भारती के प्रांत अध्यक्ष डॉ.सोमेश्वर दत्त ने की। इस अवसर पर संस्कृत भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री जयप्रकाश, उत्तर क्षेत्र अध्यक्ष प्रो.यशवीर , उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री नरेंद्र कुमार, संपर्क प्रमुख डॉ.जोगेंद्र, प्रांत मंत्री प्रमोद शास्त्री, प्रांत सह मंत्री भूपेंद्र, ईशम सिंह, न्यास अध्यक्ष डॉ.रामनिवास, हरिदेव शास्त्री, प्रचार प्रमुख सतेंद्र कुमार, कोष प्रमुख डॉ. सुरेश कुमार, पुष्पेंद्र, डॉ. नवीन शर्मा, प्रवेश कौशिक मौजूद रहे।

# सानिया पांचाल को संगठन ने किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**सोनीपत** जिले के गांव रुखी की रहने वाली सानिया पांचाल ने बेटियों के हौसले को बढ़ाने के लिए कश्मीर से कन्या कुमारी तक 4 हजार किलोमीटर पैदल मैराथन के तहत आज पानीपत पहुंची । यहां पर श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा एवं अन्य संगठनों द्वारा स्वागत किया गया। पगड़ी, फूल माला व नोटों की माला पहनकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। जिसमें हरियाणा के शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा मुख्य अतिथि रहे। वहीं विशिष्ठ अतिथि भाजपा नेता कृष्ण आर्य रहे। जबकि अध्यक्षता श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के चेयरमैन विनोद पांचाल ने की। राजस्थान के रॉयल सैनिक स्कूल परभासर जिला डिडवाना कुचामन में 9 कक्षा की छात्रा 15 वर्षीय ने 13 दिसम्बर को लाल चौक श्रीनगर से मैराथन की शुरूआत करके जम्मू-कश्मीर,पंजाब, चण्डीगढ़ होते हुए हरियाणा के विभिन्न जिलों से होते हुए पानीपत पहुंची थी। सैनिक स्कूल के स्टाफ के सदस्य प्रताप सिंह, विपिन स्वामी एवं तीन छात्र अनवेश शुक्ला, जय प्रताप, चित्रांस भी सानिया पांचाल के साथ चल रहे हैं। सानिया प्रतिदिन 40 से 50 किलोमीटर का सफर तय करती है। सानिया पांचाल ने कहा कि मैं देश की सभी बेटियों को संदेश देना चाहती हूं कि बेटियां किसी से कम नहीं है। आप भी किसी न किसी कार्य में उतरे और अपना नाम रोशन करें। माता-पिता को अपनी बेटी पर गर्व हो सके, साथ ही नारी शक्ति को बढ़ावा भी दें। शहीदों को नमन करते हुए तिरंगा की शान बढ़ाकर मैराथन उनका मकसद है। वहीं हरपाल ढांडा ने कहा कि सानिया के उत्साह को बढ़ाते हुए कहा कि वह कम उम्र में बेटी ने जो मैराथन का निर्णय लिया है वह बहुत ही सराहनीय है।

# दहेज प्रताड़ना व मारपीट के मामले में ससुराल पक्ष कोर्ट में नहीं हुआ पेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** दहेज प्रताड़ना के मामले में आरोपित ससुराल पक्ष अदालत के आदेशों के बाद भी कोर्ट में पेश नहीं हुआ। जिसके बाद अदालत के आदेश पर आरोपितों को फरार अपराधी घोषित किया गया है। आरोपितों के खिलाफ महिला थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार दो नवंबर 2016 में एक महिला की शिकायत पर महिला थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने जान से मारने की धमकी देने, मारपीट करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। उसके बाद मामला अदालत में चला गया। अदालत की तरफ से आरोपितों को अदालत में पेश होने के नोटिस दिए गए, लेकिन आरोपित पक्ष अदालत में पेश नहीं हुआ। पुलिस ने आरोपितों की तलाश की, लेकिन आरोपित भूमिगत हो गई। महिला थाना प्रभारी कविता ने बताया कि अदालत ने आरोपितों को फरार अपराधी घोषित किया है।

# भगवान परशुराम सेवा समिति द्वारा मासिक हवन यज्ञ आयोजित

**नव वर्ष पर**

**पिछले महीने जो अंबाला के बरनाला गांव में घटना हुई वो वहुत ही निंदनीय है: प्रधान अतुल शर्मा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** भगवान परशुराम सेवा समिति रजि 1069 अंबाला कैंट का नव वर्ष पर पहले महीने का मासिक हवन यज्ञ रविवार को भगवान परशुराम मंदिर नंगल करधान अंबाला कैंट में विधि विधान से मंदिर के पंडित शंभू दयाल जी द्वारा करवाया गया इस हवन यझ मे मुख्य जजमान नवीन शर्मा और उनकी धर्मपत्नी भारतीशर्मा थी हवन में भगवान परशुराम जी के मंत्र की 108 आहुति डाली गई और भगवान से प्राथना की की नव वर्ष सबके लिए मंगलमय और खुशी भरा हो सभी वर्ग की सामाजिक व धार्मिक संस्थाए तरक्की करें और आपसी भाईचारा बना कर रखें और सभी उन्नति करें। समिति के प्रधान अतुल शर्मा ने बताया कि पिछले महीने जो अंबाला के बरनाला गांव में घटना हुई वो वहुत ही निंदनीय है है जिसमें राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रधान देवीलाल के साथ हाथापाई की गई ऐसी धार्मिक संस्थाओं के खिलाफ जो धर्म परिवर्तन करती है कार्रवाई करनी चाहिए।

हम सरकार से अनुरोध करते है की ऐसी धार्मिक संस्थाए जो धर्म विरोधी है और धर्म परिवर्तन करवाती है हमारी भगवान परशुराम सेवा समिति ऐसी धर्म की खिलाफ है और हमारी समिति इसका विरोध करती है और अंबाला में हम ऐसे धर्म परिवर्तन नहीं होने देंगे हम सरकार से मांग करते हैं कि अंबाला में धर्म परिवर्तन ना किया जाए इसको गैरकानूनी मानकर ऐसी संस्थाओं के खिलाफ कानून कारवाई की जाए अगर सरकार उनके खिलाफ कानूनी कारवाही नहीं करेगी ती हम सड़को पर उतरेगे। राजेश गोल्डी शर्मा ने बताया कि 15 फरवरी 2025 को भगवान परशुराम मंदिर नंगल प्रधान का स्थापना दिवस मनाया जाएगा इस में भंडारा और कीर्तन किया जाएगा। इसमें सभी गांव और धार्मिक सामाजिक संस्थाओं को निमंत्रण दिया जाएगा।

# डॉक्टर सुनील आहूजा को बेस्ट एंटरटेनर का अवॉर्ड मिला




**सम्मान**

**हर व्यक्ति को किसी न किसी संस्था में जुड़कर रहना चाहिए ताकि छोटे-छोटे आयोजनों में बड़ी-बड़ी खुशियां मिलती है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
फैमिली जी टू जी के संरक्षक पुरुषोत्तम अरोड़ा के नेतृत्व में एक होटल मे अवॉर्ड फंक्शन का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर सुनील आहूजा को बेस्ट एंटरटेनर, राजकुमार बजाज व विनीता बजाज को चार्मिंग कपल का अवार्ड मिला, नवीन को बेस्ट स्माइल का अवार्ड मिला, बेस्ट महिला ड्रेस अवार्ड के लिए सविता बत्रा को चुना गया, बेस्ट पुरुष ड्रेस के लिए संदीप अरोड़ा को अवार्ड दिया गया, बच्चों में शानदार बचपन का अवार्ड यशिका ने अपनी झोली में डाला तथा पूरी टीम की तरफ से बेस्ट संरक्षक का अवार्ड पुरुषोत्तम अरोड़ा को सभी सदस्यों ने मिलकर दिया, इस अवसर पर मंच पर पुरुषोत्तम अरोड़ा और उनकी धर्मपत्नी शकुंतला अरोड़ा को पूरी टीम की तरफ से सम्मानित किया गया, सम्मान के बाद पुरुषोत्तम अरोड़ा ने कहा कि वैसे तो जीवन में बहुत परेशानियां है लोग बहुत ज्यादा ही तनाव में जी रहे हैं अगर परिवार सहित किसी भी संस्था में सदस्य बन जाएं तो जीने की कला मिलती है परिवार का ध्यान संस्था की तरफ हो जाता है।

संस्था के आयोजनों में खुशियां मिलती है इसलिए हर व्यक्ति को किसी न किसी संस्था में जुड़कर रहना चाहिए ताकि छोटे-छोटे आयोजनों में बड़ी-बड़ी खुशियां मिलती है।

# गुरु रविदास समाज कल्याण सभा, समालखा ने 21 सदस्यीय नई समिति का गठन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** जी टी रोड़ समालखा पर स्थित 360 गांव से संबंधित श्री गुरु रविदास समाज कल्याण सभा ने अपनी नई कार्य समिति की सूचि जारी की। जिसमें सभा ने सर्वसम्मति व गहन विचार के बाद समाज के 21 कार्यकारिणी सदस्यों को सभा की कार्य समिति में शामिल किया।आपको बता दें कि 29 दिसंबर 2024 को सभा के आम चुनाव में कुल 12 पदाधिकारियों में से 6 पदाधिकारी जिसमें राजेंद्र कुमार भापरा को प्रधान,अधिवक्ता दयानंद पंवार को उपाध्यक्ष,रामकिशन बड़गुर्जर को महासचिव, महाबीर कटारिया को सहसचिव, सुरेन्द्र कुमार को खजांची और बिजेंद्र ने सह खजांची के पद पर जीत दर्ज की थी।समिति में शामिल 21 पदाधिकारियों में से ही रिटायर्ड तहसीलदार सुरज भान भोरिया को समिति का मुख्य सलाहकार तथा मोहित पुनिया को सह सलाहकार व सभा के पूर्व प्रधान सतपाल दहिया को ऑडिटर नियुक्त किया। आज सभा की पहली बैठक मे आने वाली 12 फरवरी को गुरु रविदास जयंती पर विचार किया गया।

## जींद में भाजपा जिला महामंत्री से मांगी फिरौती

**जींद।** भाजपा के जिला महामत्री एवं नप चेयरमैन प्रतिनिधी को व्हाट्सअप कॉल कर फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत शहर थाना पुलिस को की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भाजपा के जिला महामंत्री एवं नप चेयरमैन प्रतिनिधी डा. राजसैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसके फोन पर व्हाटसअप कॉल आई। रिसीव करने पर फोन करने वाले व्यक्ति ने फिरौती की डिमांड की। फिरौती राशि न देने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। जिसके बाद दोबारा से फिरौती राशि के कॉल करने की बात कही।

# दुर्गा नगर मण्डल के बूथ अध्यक्षों के चुनाव सम्पन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** भारतीय जनता पार्टी अम्बाला शहर के दुर्गा नगर मंडल के बूथ अध्यक्षों के चुनाव सम्पन्न हुए। यह चुनाव अनिल गोयल की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें शक्ति केंद्र प्रमुख भाग सिंह, गुरविन्द्र सिंह व सुरेन्द्र घई ह्यटीटूह्ल भी शामिल हुए। बूथ नं. 1 गांव डडियाना से तरसेम लाल को बूथ अध्यक्ष, सुरेन्द्र पाल सिंह को बीएलए-2 और कुलदीप सिंह को पालक चुना गया। इसी प्रकार बूथ नं. गांव मानकपुर में दर्शन सिंह को बूथ अध्यक्ष, गुरमीत सिंह को पालक तथा राजबीर सिंह को बीएलए-2 चुना गया। बूथ नं. 3 गांव लोहगढ़ में करण छाबड़ा को बूथ अध्यक्ष, अनमोल को पालक तथा को रविन्द्र को बीएलए-2 चुना गया। बूथ नं. 4 गांव डंगडेहरी से कर्म सिंह को बूथ अध्यक्ष, बालकराम को पालक तथा को गुलाब सिंह को बीएलए-2 चुना गया। यह जानकारी भाजपा नेता सुरेन्द्र घई ह्यटीटूह्ल ने दी। इस अवसर पर सभी नवनियुक्त बूथ अध्यक्षों, बीएलए-2 और पालक को उनकी जिम्मेदारी सौंपी गई और उनको उनके दायित्व से अवगत करवाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी के प्रति अपनी पूर्ण आस्था दशार्ते हुए पार्टी के प्रति अपना दायित्व निभाने का प्रण लिया।

# खरखौदा में करीब पौने 2 लाख की नशीली दवाएं बरामद



**गिरफ्तार**

**कमरे पर रेड की। वहां एक युवक मिला और कमरे में दवाओं के कुछ बॉक्स भी रखे हुए थे। युवक ने अपना नाम संदीप बताया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**जिला** सोनीपत की पुलिस ने बीती रात को खरखौदा में बड़ी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद की हैं। क्राइम ब्रांच सेक्टर 3 पुलिस ने खरखौदा में सरकारी अस्पताल के सामने कैमिस्ट की दुकान पर रेड की थी। इस बीच एक अन्य मेडिकल स्टोर पर काम करने वाले एक युवक को भी नशे में प्रयुक्त होने वाले इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने केमिस्ट व एक युवक के खिलाफ थाना खरखौदा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। इस दोनों युवको से पौने 2 लाख रुपए कीमत की दवा मिली है। क्राइम ब्रांच के एएसआई संदीप के अनुसार, वे टीम के साथ खरखौदा में गश्त पर थे। इस दौरान उनको सूचना मिली कि खरखौदा के वार्ड 7 में कन्या गुरूकुल वाली गली में रहने वाला सुनील थाना रोड पर एक केमिस्ट की दुकान पर काम करता है। दुकान मालिक प्रदीप निवासी रोहणा मेडिकल स्टोर की आड़ में प्रतिबंधित नशीली दवाइयों व इंजेक्शन बेचने का काम करता है।

पुलिस ने इस पर कन्या गुरूकुल वाली में निगरानी रखी। इसके कुछ देर बाद सुनील बाइक पर एक बॉक्स लेकर पहुंचा। पुलिस ने उसे रोक कर तलाशी ली तो बॉक्स में नशे में इस्तेमाल होने वाली दवाएं व इंजेक्शन बरामद हुए। पुलिस को उसके कब्जे से 14 डिब्बों में नशे के 700 इंजेक्शन, दूसरे डिब्बों में 98 इंजेक्शन, 290 कैप्सूल व अन्य बॉक्स में 550 इंजेक्शन व अन्य दवाएं पाए गए। पुलिस ने सुनील के खिलाफ केस दर्ज कर उसे काबू कर लिया। वही दूसरी तरफ क्राइम ब्रांच की टीम ने खरखौदा में थाना रोड पर सरकारी अस्पताल के सामने एक दवा की दुकान पर भी रेड की। पुलिस को सूचना मिली थी कि बरोणा गांव के रहने वाला केमिस्ट संदीप प्रतिबंधित नशे की दवा बेच रहा है। इसके लिए उसने दुकान के पीछे एक कमरा किराए पर ले रखा है। पुलिस ने वहां पर सूचना के बाद रेड की तो बड़ी संख्या में प्रतिबंधित दवाएं बरामद हुई।

एएसआई सुरेश ने सूचना देकर ड्रग इंस्पेक्टर मुंशी राम को मौके पर बुलाया। इसके बाद कमरे पर रेड की। वहां एक युवक मिला और कमरे में दवाओं के कुछ बॉक्स भी रखे हुए थे। युवक ने अपना नाम संदीप बताया। इसके बाद वहां पर तलाशी ली गई तो वहां पर 1050 कैप्सूल, जिनमें कुछ पर एक्सपायरी डेट के भी थे मिले। कमरे में 28 बॉक्स में इंजेक्शन व कैप्सूल मिले। दूसरी पेटियों में नशे में प्रयुक्त होने वाला सिरप भी मिला। कमरे में बड़ी संख्या में प्रतिबंधित दवाएं बरामद हुई हैं।

# कोऑपरेटिव सहकारी समिति में चोरों ने ताला तोड़कर सामान चोरी किया




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**पानीपत** में कोऑपरेटिव सहकारी समिति में रात के समय चोरों ने ताला तोड़कर सामान चोरी कर लिया। सुबह समिति मैनेजर पहुंचा तो उसे ताला टूटा मिला। समिति मैनेजर ने पानीपत उच्च अधिकारियों को मामले की सूचना दी। इसके बाद समिति पर बंधक ने थाना मतलौड़ा में आकर चोरी की घटना की जानकारी दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए समिति पहुंचकर जांच पड़ताल की। मैनेजर के बयान पर मामला दर्ज किया। शेरा सहकारी समिति मैनेजर राजकुमार ने बताया कि मैं कोऑपरेटिव सहकारी समिति में काफी दिनों से मैनेजर के तौर पर काम कर रहा हूं। 3 दिसंबर को मैं 5 बजे समिति का सरकारी काम निपटा करके ताला बंद करके अपने घर पर चला गया था। 4 दिसंबर को मैं सुबह सहकारी समिति में काम करने ड्यूटी पर पहुंचा तो मुझे बाहर का ताला टूटा हुआ मिला। जिससे मुझे शक हुआ और मैंने अंदर जाकर देखा कि समिति के अंदर से चार पुरानी बैटरी एक इनवर्टर एक नया बैटरी, एक एलसीडी 43 इंच, एक सीसीटीवी कैमरा, एलसीडी, डीवीआर और एक कंप्यूटर स्क्रीन पावर बैंक व सबमर्सिबल ट्यूबवेल का स्टार्टर गारात मिला।

# विधायक जगमोहन आनंद की चाय पर चर्चा में जुटे आमजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद द्वारा प्रत्येक रविवार को शुरू किए गए चाय पर चर्चा कार्यक्रम में शहर के नेहरू पैलेस में बड़ी संख्या में आमजन जुटे। विधायक ने सभी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शहर की बेहतरी के लिए जनता से सुझाव भी मांगे। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि वे जनता के सेवक हैं, उनका प्रतिनिधि बनकर उनके हकों की आवाज विधानसभा में उठाऊंगा। चाय पर चर्चा कार्यक्रम की शुरूआत भजन के साथ हुई।



इसके उपरांत विधायक जगमोहन आनंद ने सभी से शहर की बेहतरी के लिए सुझाव देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक रविवार को आमजन के बीच से सुझाव लेंगे और जो बेहतर सुझाव होगा, उस पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चाय पर चर्चा कार्यक्रम किसी व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे शहरवासियों का प्लेटफॉर्म है। कोई भी व्यक्ति यहां आकर अपने सुझाव दे सकता है। यदि सुझाव बेहतर होगा तो अवश्य उस पर

**बैठक में चर्चा**

**▶▶ चाय पर चर्चा कार्यक्रम में शहर के नेहरू पैलेस में बड़ी संख्या में आमजन जुटे**

कार्य किया जाएगा। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल की जनता ने उन्हें भारी बहुमत से जीत दिलाकर हरियाणा विधानसभा तक पहुंचाया है। मैं जनता का सेवक हूं और उनका प्रतिनिधि बनकर उनके हकों की आवाज हरियाणा विधानसभा में उठाऊंगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आज भी करनाल की जनता से विशेष लगाव है। मैं उनके प्रतिनिधि के तौर पर कार्य कर रहा हूं। करनाल की जनता से जुड़ी जरुरी मांगों को तत्काल पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। विधायक ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार और राज्य में नायब सिंह सैनी की डबल इंजन सरकार है। निगम चुनाव में जनता भाजपा के प्रत्याशियों को जीत दिलाकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का कार्य करे] ताकि नगर निगम क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हों।

# जीवन शैली को स्वस्थ वातावरण प्रदान करता यज्ञ : हरिओम दास

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** ब्रह्मा कॉलोनी स्थित वात्सल्य वाटिका - श्री शिव शक्ति आश्रम में रविवार को मासिक यज्ञ का आयोजन किया गया। आश्रम संस्थापक एवं संचालक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक के सान्निध्य में लाडवा से अंकुश गोयल मुख्य यजमान रहे। यज्ञ के पश्चात मासिक गोष्ठी में यज्ञ अनुष्ठान पर चर्चा की गई जिसमें प्रबुद्धजनों ने अपने-अपने विचार रखे। अनीता महेंद्रु ने बताया कि यज्ञ हमारे इतिहास, विकास परंपरा है जिससे हम अपने पूर्वजों और देवी देवताओं का आह्वान करके अपने सत्कर्म और मंगल जीवन की कामना करते हैं। अंकुश गोयल ने कहा कि सभी को अपने अपने घर में यज्ञ हमेशा करना



चाहिए। इससे घर का वातावरण शुद्ध हो कर मन सकारात्मक विचारों से ऊजार्वान बनता है। स्वामी हरिओम दास परिव्राजक ने कहा कि यज्ञ हमेशा लोक कल्याण एवं मंगल कामना के लिए किया जाने वाला धार्मिक अनुष्ठान है जिससे देवता प्रसन्न होते हैं और उनकी दृष्टि पृथ्वी पर पड़ती है जिससे अन्न और औषधियां उत्पन्न होती हैं जो कि कल्याणकारी हैं। वास्तव में यज्ञ स्वस्थ एवं श्रेष्ठ जीवन जीने की पद्म है जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर पंडित प्रेम नारायण अवस्थी ने सभी श्रद्धालुओं से यज्ञ में आहुतियां डलवाई।

## न्यूज फ्लैश

### केजरीवाल ने किया ऐतिहासिक फिक्शन गुलाबी खंजर का लोकार्पण

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोधी रोड स्थित गोदावरी ऑडिटोरियम में आयोजित एक कार्यक्रम में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के हस्ते ऐतिहासिक काल्पनिक उपन्यास गुलाबी खंजर का लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली के पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व राज्यसभा सांसद के.सी. त्यागी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस मौके पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि



पुस्तक गुलाबी खंजर अमेजन की सूची में टॉप रैंक कर रही है, इस पुस्तक को सभी को को अवश्य पढ़ना चाहिए। मुझे पूरी उम्मीद है कि पुस्तक के लेखक दिलीप जी, चंचल जी, रोहित जी और उनकी किताबें लिखना जारी रखेगी और कथा लेखन में अधिक सफलता प्राप्त करेगी। डेब्यू राइटर रोहित सकुनिया ने कहा कि किसी विचार को कागज पर कहानी में बदलना जादुई लगता है। किताब लिखना मेरा एक सपना था। मुझे खुशी है कि मैंने ऐसे दो दोस्त बनाए जिन्होंने इस सपने को साकार करने में मेरी मदद की । गुलाबी खंजर अमेजन की ऐतिहासिक कहानियों की श्रेणी में बेस्ट सेलर बन गई और पुस्तक रैंकिंग में इसने तीसरा स्थान प्राप्त किया, जो हिंदी पुस्तक के लिए एक मील का पत्थर है। दिलीप पांडे, चंचल शर्मा और डेब्यू राइटर रोहित सकुनिया द्वारा लिखित इस उपन्यास ने साहित्य जगत में हलचल मचा दी है। कंप्यूटर इंजीनियर और विधायक दिलीप पांडे कहानी कहने और ऐतिहासिक शोध के लिये जाने जाते हैं, वहीं चंचल शर्मा ने इतिहास और सामाजिक कार्य में एम.ए. किया है. उद्यमी और आर्टे मीडिया के प्रमुख रोहित सकुनिया इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट से जुड़कर एक लेखक के रूप में अपनी शुरुआत की है। तीन भागों वाली महाकाव्य श्रृंखला के अंतर्गत गुलाबी खंजर की पहली कड़ी है, जिसमें बदला, गर्व और नियति पर आधारित एक कथा का प्रवाह चलता है। लगभग 1,60,000 शब्दों वाली यह उपन्यास जटिल रिश्तों, नैतिकता और युद्ध से भरा एक ऐतिहासिक अनुभव कराती है और पाठकों के एक अलग ही दुनिया में ले जाती है।

### पीडब्ल्यूडी की जमीन से मलबा हटाने पहुंची टीम के सदस्यों के साथ अभद्रता

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में फ्लाईओवर डबल स्टोरी के नीचे लोक निर्माण विभाग की दुकान और गोदाम से चार साल पुराना कब्जा हटाने के बाद मलबा उठा रही टीम के साथ कब्जाधारी दंपती द्वारा अभद्रता करने व धमकी देने का मामला सामने आया है। अधिकारियों ने आरोपितों के खिलाफ संबंधित थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ राकेश ने बताया कि राजेंद्र नगर निवासी चांद राम ने चार वर्ष से लोक निर्माण विभाग की दुकान व गोदाम पर कब्जा कर रखा था। जिसे 22 अक्टूबर,2024 को हटाया गया था। इससे पहले वर्ष 2023 में भी कब्जा हटवाया गया था, लेकिन कब्जाधारी से दुकान में फिर से कब्जा कर लिया था। इसके बाद विभाग ने कब्जाधारी को 14 अगस्त को अंतिम नोटिस भी जारी किया था, लेकिन कब्जा नहीं हटा तो विभाग की टीम व पुलिस के साथ 22 अक्टूबर को कब्जाधारी का सामान बाहर निकाल दिया था। 28 नवंबर को जब उनकी टीम ने निरीक्षण किया तो भूमि पर फिर से कब्जा किए जाने की जानकारी मिली। चांद व उसके सहयोगी अवैध रूप से वहां काम कर रहे थे। साथ ही विभाग की इमारत की करीब 10 हजार ईंट भी गायब मिली। जिस पर मामले की शिकायत पर पुलिस को अवगत कराया गया। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। अब शुक्रवार को वहां से मलबा हटवाया जा रहा था तो चांद और उनकी पत्नी ने टीम के साथ अभद्रता करना शुरू कर दिया। कई बार उन्हें समझाया, लेकिन नहीं माने।

### बैसाखी पर्व पर पाकिस्तान के गुरुद्वारों में जाने के लिए श्रद्धालु करें आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि ऐसे श्रद्धालु व जत्थे जो कि बैसाखी पर्व-2025 के अवसर पर पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों के दर्शन करने के लिए जाना चाहते हैं, वे जिला स्तर पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

# विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधडी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधडी करने के आरोप में विकास ग्रोवर पुत्र सुदेश ग्रोवर वासी कोर्ट रोड अम्बाला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 14 अगस्त 2024 को निखिल कुमार पुत्र राम सिंह वासी सत्यानगर शाहबाद ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह विदेश जाना चाहता था । इसके लिए उसने विकास ग्रोवर, दीपक ग्रोवर से मुलकात की । उहोने



बताया कि वह विदेश भेजने का काम करते है। इनके पास कई देशों का वीजा है तथा वह और उसकी बहन विदेश से बच्चो को स्पोंसर वीजा पर विदेश भेजने का काम करते है । वह उसको एक नंबर में फिनलैंड भेज देंगे । इसके लिए उनके बीच 5 लाख रुपये में काम के साथ-साथ देने की बात हो गई। इसके बाद उहोने उसको 16 जनवरी को 5 लाख रुपये व कागजात दे दिए । कुछ समय बाद आरोपी ने उसकी टिकट अल्माटी जाने की दी और रास्ते के लिए 1500 डालर चेंज करने लिए बोला । वह दिए टिकट से अल्माटी चला गया । जहां पर उसको काफी परेशान किया गया

**काबू**

**▶▶ जिला पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधडी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया**

और उसके घर वालों से पैसे की डिमांड की । उसके पिता ने आरोपी को 5 लाख रुपये दिए तब जाकर आरोपी ने उसको अल्माटी से रूस के मोस्को शहर मे भेज दिया । किसी तरह वह भारत आया । इसके बाद वह आरोपी के घर गया तो आरोपी ने पैसे व कागजात देने से साफ मना कर दिया तथा उसे जान से मारने की धमकी दी।

# सात दिवसीय विशेष एन. एस. एस. कैम्प संपन्न




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तहसील में सात दिवसीय विशेष एन. एस. एस. कैम्प का समापन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें लगभग 50 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कैम्प यूथ फॉर माई भारत व यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी पर आधारित था। इसमें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने जीवन उपयोगी बाते सीखी। बच्चों ने कैम्प में नशा मुक्ति, पर्यावरण सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, साईबर क्राइम जागरूकता, फॉयर सेफ्टी, प्राथमिक उपचार और महिला सशक्तिकरण आदि विषयों पर विभिन्न प्रतियोगिताओं / गतिविधियों के माध्यम से जानकारी प्राप्त की।

# युवक पर जानलेवा हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

पानीपत में शराब के ठेके के पास एक व्यक्ति बैठा हुआ था। तभी नशे में कुछ व्यक्ति आए और उस बैठे हुए व्यक्ति पर गोली चला दी, जो उसके कंधे में लगी। किसी ने उसके भाई को सूचना दी की आपके भाई के ऊपर गोली चली है। घायल का भाई तुरंत ठेके के पास पहुंचा और अपने भाई को लेकर के पानीपत प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद घायल को छुट्टी दे दी गई थी। परंतु एक दिन बाद फिर घायल को दर्द हुआ। उसे दोबारा प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। उसके भाई ने थाना मतलौड़ा में अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। खेती का काम करता है युवक

मामले के अनुसार उरलाना कलां चौकी अंतर्गत गांव सींक निवासी साहिल पुत्र सतबीर सिंह ने बताया कि हम दो भाई एक बहन हैं। मेरे पिताजी रोडवेज में कर्मचारी हैं। छोटे भाई तुषार की उम्र 23 वर्ष है, और वह खेती का काम करता है। 2 जनवरी को मेरा भाई खेत की तरफ शाम 7 बजे गया था। रास्ते में हाट रोड़ पर शराब का ठेका है। मेरा भाई ठेके के पास में बैठ गया। घायल के भाई ने बताया कि उस वक्त शराब के नशे में कुछ व्यक्ति आए और मेरे भाई पर गोली चला दी। गोली उसके कंधे में जा लगी।

# अस्थियां प्रवाहित कर वापिस लौट रहे कार चालक हादसे का शिकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर कोहरे का कहर देखने को मिला। कोहरे के कारण सड़क पर खड़े ट्रक में जाकर कार टकरा गई। हादसे में कार चालक की मौत हो गई। जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां से दो की हालत गंभीर होने के चलते दिल्ली के अस्पताल में रेफर कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची राई थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। कृष्ण नगर नई दिल्ली निवासी गुरमीत सिंह ने बताया कि वह परिवार के साथ पंजाब के आनंदपुर साहिब स्थित किरतपुर साहिब गए थे। परिवार के सदस्य के निधन के बाद वहां अस्थियां प्रवाहित करने गए थे। वह अस्थियां प्रवाहित कर शुक्रवार रात को वापस दिल्ली रहे थे। रात को अचानक कोहरा छा गया। कार को नॉर्थ दिल्ली निलोठी एक्सटेंशन स्थित टीचर विहार कॉलोनी निवासी हरजीत सिंह चला रहे थे। गुरमीत सिंह ने बताया कि अर्टिगा कार में उनके साथ ही गुरप्रीत कौर, मनीव कौर, हरविंदर कौर और बलजीत कौर भी सवार थी। वह देर रात करीब दो बजे नेशनल हाईवे पर बीसवां मील के पास पहुंचे। वहां हाईवे पर घने कोहरे के बीच एक ट्रक बिना इंडिकेटर व रिफ्लेक्टर के खड़ा था। कोहरा होने के कारण वह चालक हरजीत सिंह को दिखाई नहीं दिया। कार ट्रक में टकरा गई। हादसे में हरजीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ ही गुरप्रीत कौर, मनीव कौर, हरविंदर कौर और बलजीत कौर को काफी चोट लगी।

# गाड़ी की टक्कर से मजदूर की मौत

**गन्नौर।** राजपुर गांव में वीरवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने मामले को शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में मृतक की पत्नी मीना ने बताया कि उसका पति राजेंद्र मजदूरी के बाद पैदल घर लौट रहा था। जब वह गांव के शिव मंदिर के पास पहुंचा तो एक सफेद रंग की तेज रफ्तार कार ने उसके पति को टक्कर मार दी।

टक्कर मारने के बाद गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। इस हादसे में उसके पति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नशीले कैप्सूल्ज सहित आरोपी कुलवंत गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 04 जनवरी 2025 को थाना महेशनगर क्षेत्र नजदीक गांव खुडा दुखेडी टी-प्वाईंट जगाधरी अम्बाला रोड से नशीले कैपसूल्ज की तस्करी के मामले में सी0आई0ए0-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी कुलवंत निवासी मकान नम्बर 1445/5 सैक्टर 29 बी चण्डीगढ को मुकदमा नम्बर 07 दिनांक 04 जनवरी 2025 धारा 22



एन0डी0पी0एस0एक्ट थाना महेशनगर के अर्न्तगत गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी का 03 दिन पुलिस रिमांड प्राप्त किया है।

04 जनवरी 2025 को सी0आई0ए0-1 अम्बाला के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा तस्करी का कार्य करता है और नशा सप्लाई करने के लिए महेशनगर क्षेत्र नजदीक गांव खुडा दुखेडी टी-प्वाईंट

**काबू किया**

**▶▶ संदिग्ध को काबू कर तलाशी लेने पर उससे कुल 3360 नशीले कैप्सूल्ज बरामद किए**

जगाधरी अम्बाला रोड के पास खडा है।

सूचना उपरान्त पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना महेशनगर क्षेत्र नजदीक गांव खुडा दुखेडी टी-प्वाईंट जगाधरी अम्बाला रोड के पास खडे संदिग्ध को काबू कर तलाशी लेने पर उससे कुल 3360 नशीले कैप्सूल्ज बरामद किए।

# विभिन्न प्रकार के किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन)**

रा0 व0 मा0 विद्यालय माण्डी पानीपत में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के पांचवें दिन की शुरूआत प्रार्थना सभा और योगाभ्यास से की गई। बच्चों से विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवाई गई उसके बाद जिला प्रधान अजेंद्र कुंडू और जिला समन्वयक , सुनील मलिक और एडवोकेट अरुण के पहुंचने पर एनएसएस प्रभारी जोगिन्द्र ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया । बच्चों द्वारा स्वागत गीत गाया गया विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। जिला प्रधान अजेंद्र कुंडू ने बच्चों को संबोधित किया और कहा कि आज के समय में गुरु का महत्व क्या है। उसके बारे मे जानकारी दी।

# दान पुण्य के कार्यों को महत्व देते हुए लोगों को कंबल बांटे

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**पीसीसी** एकेडमी की 24वीं वर्षगांठ पर दान पुण्य के कार्यों को महत्व देते जरूरतमंद लोगों को कंबल बाटे एवं बच्चों को सच्चाई एवं ईमानदारी के साथ रहने का पाठ सिखाया। इस मौके पर निदेशक राजीव परुथी ने कहा मैं पानीपत की जनता का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मुझे इतना मान सम्मान दिया की 24 वर्ष बीत गए पता ही नहीं चला राजीव परुथी ने कहा पानीपत का एकमात्र ऐसा संस्थान पीसीसी अकैडमी बना जहां मां और बेटी ने इकट्ठे बैठकर पढ़ाई की यदि पानीपत में पारिवारिक शिक्षा संस्थान का नाम लिया जाए तो पीसीसी एकेडमी सबसे ऊपर



आती है राजीव परुथी ने कहा 24वीं वर्षगांठ के उपलक्ष पर 50% फीस में छूट दी जाएगी राजीव परुथी ने कहा अकादमी में अंग्रेजी भाषा के साथ-साथ बहुत सारे मुद्दों पर काम किया जाता है जैसे आपस में भाईचारा की भावना को जगाना एवं आत्मविश्वास की भावना पैदा करना, मंच का डर जड़ से समाप्त करना, बच्चों के अंदर टैलेंट पैदा करना, सच्चाई एवं ईमानदारी की राह पर चलना सीखना, फराटे दार अंग्रेजी भाषा बोलना सीखना, मौके पर राजीव ने कहा 24 वर्ष में

**समाजसेवा**

**▶▶ मैं पानीपत की जनता का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मुझे इतना मान सम्मान दिया: राजीव**

उन्होंने न जाने कितने शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों को अंग्रेजी भाषा सीखने पर लेक्चर दिए, एवं समय-समय पर हरियाणा पुलिस अकादमी में उच्च अधिकारियों को बोलचाल के तरीके पर लेक्चर दिए एवं हरियाणा में कई जिलों में जाकर कैदियों को मानवता का पाठ पढ़ाया। प्रदेश एवं बड़े महानगरों में मोटिवेशनल ट्रेनर के रूप में खुलकर बड़े मंचों पर आत्मविश्वास की भावना पर लेक्चर दिया राजीव परुथी ने कहा उन्होंने एक छोटे से कमरे से शुरूआत की थी। वह अपनी कामयाबी का सारा श्रेय अपनी सकारात्मक सोच को देते हैं यदि इंसान सकारात्मक है कुछ करने की चाहत है तो सब कुछ कर सकता है राजीव ने कहा लगातार कोशिशें के आगे कोई नहीं टिक सकता हमें अपनी कोशिश करनी नहीं छोड़नी चाहिए । इस मौके पर शिल्पा परुथी ने कहा अब पानीपत में इतना सकारात्मक माहौल है की गृहणी महिला भी बाहर आकर सब कुछ सीख रही है वह आदमी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है इसलिए जो लोग यह सोचकर बैठे हैं।

# क्रिप्टो करंसी में निवेश के नाम पर छह लाख रुपये की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः जिले** में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। गोहाना क्षेत्र के युवक को क्रिप्टो करंसी में निवेश के नाम पर छह लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। चोपड़ा कॉलोनी निवासी समीर ने बताया कि गत 27 नवंबर को उसके पास एक कॉल आई।

**फर्जीवाड़ा**

**▶▶ जांच की तो पता चला कि फर्जी कागजात के आधार पर खुलवाए गए खातों में उससे रुपये ट्रांसफर करवाए गए**

जिसमें उसे क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर मुनाफे के बारे में बताया गया। उसके बाद उसे टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ लिया गया। जिसमें राधिका नाम की युवती एडमिन थी। ग्रुप में निवेश के बारे में जानकारी दी जाने लगी। युवती से उसकी भी बात होने लगी। जिसके बाद उसने एक अन्य युवती काजल खेर से बात करवाई। इनके झांसे में आकर उसने अलग-अलग खातों में 11 बार 6.05,149 रुपये जमा करवा दिए। जब वह रुपये निकालने लगते तो रुपये नहीं निकाल पाएं। उससे 8 लाख रुपये और जमा करवाने के लिए कहा गया तो उसे ठगी का शक हुआ। जांच की तो पता चला कि फर्जी कागजात के आधार पर खुलवाए गए खातों में उससे रुपये ट्रांसफर करवाए गए। राशि वापस मांगने पर उसे नहीं मिल रही है।


शिवांक सिंघल (एडवोकेट)
कर्मठ, ईमानदार, युवा
कांग्रेस प्रत्याशी: आदर्श नगर विधानसभा
चुनाव चिन्ह हाथ
जनता की यही पुकार
दिल्ली में अबकी बार कांग्रेस सरकार

मंगत राम सिंघल (पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार)

# मैं उत्तम नगर को द्वारका के समकक्ष सुविधाएं दिलाऊंगा: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: पश्चिमी दिल्ली** के उत्तम नगर विधानसभा क्षेत्र में बिंदापुर मटियाला रोड़ पर आयोजित महापंचायत में मौजूद हजारों लोगों ने कांग्रेस उम्मीदवार मुकेश शर्मा को आगामी विधानसभा चुनाव में अपना खुला समर्थन देने का सर्वसम्मत ऐलान कर दिया और हजारों लोगों की ओर से महापंचायत में पंचो द्वारा उन्हें चांदी का मुकुट पहनाया गया। ज्ञातव्य है कि 22 दिसम्बर को मोहन गार्डन स्थित महापंचायत में मुकेश शर्मा को जनता ने चुनाव लड़ाने का निर्णय लिया था। साथ ही महापंचायत में मुकेश शर्मा को यह अधिकार भी दिया था कि वो चाहे जो भी झंडा डंडा लेकर चुनाव लड़ सकते है। उसके बाद ही कांग्रेस पार्टी ने मुकेश शर्मा को उत्तम नगर विधानसभा से अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। दोपहर 12 बजे से ही लोगअलग-अलग कॉलोनियों और क्षेत्रों से ढ़ोल-नगाड़ों के साथ हाथों में तख्तिया लिए 'भाई मुकेश को लाना है, महानर्क से पीछा छुड़ाना है, उतम नगर का नारा है भाई मुकेश हमारा है, मैं भी मुकेश- मैं भी मुकेश, मुकेश शर्मा पार्टी का नहीं जनता का उम्मीदवार है आदि नारे लगाते हुए ढोल नगाड़ो के साथ महापंचायत में पहुंचने शुरू हो गए थे और दोपहर लगभग एक बजे समस्त बिंदापुर मटियाला रोड़ और समेत क्षेत्र में चौतरफा जाम लग गया था।

उत्साहित नौजवानों ने मुकेश शर्मा का मुखोटा पहना हुआ था और बार-बार वो जोरदार नारे बाजी कर रहे थे।





दिल्ली के रोहिणी में आयोजित भाजपा की विशाल परिवर्तन रैली में भाग लेते हुए केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन सुशील जोंटी व अन्य।

# निर्माण विहार में मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आबरू-ए-सुखन फाउंडेशन साहित्यिक संस्था के जानिब से एक बेहद कामयाब मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन एस एस स्टूडियो मधुवन रोड़ निर्माण विहार में किया गया। जिसकी संयोजक गुलबहार गुल रहीं।

आबरू-ए-सुखन फाउन्डेशन के तत्वावधान में आयोजित मुशायरे की सदारत एहतराम सिद्दीकी जाहिल लखनवी ने की। मुशायरा दो भाग में चला। दूसरे भाग की सदारत उस्ताद शायर महबूब अमीन ने की। विशिष्ट अतिथियों में शायर खुर्रम साहिब एवं अब्दुल मंसूर रहमान साहब रहे। गुल बहार सिद्दीकी की कुशल निजामत में कार्यक्रम को और भी सफल बना दिया। इस मुशायरे में काव्य पाठ करने वाले रचनाकारों के नाम इस प्रकार हैं। अरुण शर्मा साहिबाबादी, अजय अक्स, डॉ शमीम, डाक्टर अशोक मधुप, फरीद अहमद फरीद, जावेद अब्बासी, दिलदार देहलवी, आरिफ देहलवी, ताबिश खैराबादी, नईम बदायुनी, सुरेन्द्र सिफर, आजम सहसवानी, रजनी बाला, हशमत भारद्वाज, गोल्डी गीतकार, अब्दुर्रहमान मँसूर, लीजा खान, नीलम बावरा, रवीन्द्र भूषण, संजीव निगम, जगदीश मीणा, संजय गिरि, महबूब खान आदि। ये कार्यक्रम दोपहर ग्यारह बजे से आरंभ होकर शाम पांच बजे तक जारी रहा। ये कार्यक्रम बेहद सफल था।



# कमेटी ने श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी के प्रकाश पर्व को समर्पित नगर कीर्तन सजाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा शिव नगर जी ब्लॉक तक नगर कीर्तन सजाया गया।

यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब से शुरू होकर शंकर रोड, पटेल नगर, मोती नगर, रमेश नगर, राजौरी गार्डन, तिलक नगर होते हुए गुरुद्वारा सिंह सभा शिव नगर जी ब्लॉक तक पहुँचा। रास्ते में हजारों लोगों ने नगर कीर्तन का गर्मजोशी से स्वागत किया। नगर कीर्तन में स्कूल विद्यार्थियों के साथ-साथ गुरु की लाडियों, फौजों और निहंग सिंहों के दस्ते भी शामिल थे। सारे रास्ते में संगतों ने नगर कीर्तन का दिल से स्वागत किया। संगतों ने विभिन्न प्रकार के लंगरों के साथ संगतों की सेवा की और सतिनाम वाहिगुरु के जाप के साथ नगर कीर्तन में शामिल संगतों का स्वागत किया।



# कांग्रेस के कार्यों से प्रसन्न हो, 'आप' के राष्ट्रीय व राज्य स्तर के नेताओं ने कांग्रेस का थामा दामन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में विश्वास जताते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के नेता रघु रेन्द्र पठानिया और मोनिया सिंह ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस की सदस्य ग्रहण की।

देवेन्द्र यादव ने आम आदमी पार्टी से कांग्रेस में शामिल होने वाले लोगों को पार्टी का पटका पहनाकर उनका कांग्रेस संगठन में स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रभारी सुखविंदर सिंह डैनी और दानिश अबरार, डूसू अध्यक्ष रौनक खत्री सहित के.बी. सिंह भी मौजूद थे। देवेन्द्र यादव ने बताया रघुरेन्द्र पठानिया नार्थ आप पार्टी में वेस्ट लोकसभा अध्यक्ष, नेशनल काउंसिल के सदस्य, दिल्ली के एसटी/एससी विंग के अध्यक्ष, गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश के बूथ मैनेजमेंट व पब्लिसिटी मैनेजर की जिम्मेदारी सहित दिल्ली नगर निगम चुनाव 2017 सलेक्शन कमेटी के सदस्य थे और राजबाला पठानिया, मोनिया सिंह बादली जिला के महिला विंग के अध्यक्ष और बादली विधानसभा के जहांगीरपुरी वार्ड की 2017 निगम चुनाव की प्रत्याशी रही। देवेन्द्र यादव ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी से आप कार्यकर्ताओं और नेताओं का मोह भंग हो रहा है और मंत्री, विधायक, विधानसभा प्रत्याशी, निगम पार्षद, निगम प्रत्याशी, आम आदमी पार्टी संगठन के पदों पर जिम्मेदारी निभाने वाले धीरे-धीरे केजरीवाल का साथ छोड़ रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा, आदर्श, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के देश की जनता के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष से प्रभावित होकर देश सहित दिल्ली में भी विभिन्न राजनीतिक पार्टियों, पेशेवर और आम जनता कांग्रेस के साथ जुड़ रही है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी में व्याप्त अरविन्द केजरीवाल के अहंकार, तानाशाही, भ्रष्टाचार, कुशासन, जनता की अनदेखी, निष्क्रियता के कारण इनकी पार्टी के छोड़े-बड़े नेता पार्टी को छोड़कर भाग रहे है। क्योंकि भाजपा की भांति आम आदमी पार्टी में भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं है जबकि कांग्रेस पार्टी में सभी को बराबर का अधिकार व अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के 15 वर्षों के शासन और बढ़ती लोकप्रियता के चलते आम आदमी पार्टी और भाजपा के कार्यकर्ता हर कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के लिए हमें सम्पर्क कर रहे है और सभी औपचारिकताओं को पूरा होने बाद दूसरे दलों से आने वालों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई जा रही है।





श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष पर नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें नेशनल अकाली दल के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा, पूर्व निगम पार्षद वीणा वरमानी, गुलशन वरमानी, विमल भयाना का गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा मानसरोवर गार्डन की ओर से स्वागत किया गया।

## पीएम ने रोहिणी में आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के नए भवन की रखी आधारशिला

**नई दिल्ली।** पारंपरिक चिकित्सा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोहिणी में केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान की आधारशिला (वर्चुअली) रखी। समारोह में आयुष मंत्रालय के केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सरकार आयुष और आयुर्वेद जैसी पारंपरिक भारतीय चिकित्सा प्रणालियों को भी बढ़ावा दे रही है।

## 84 के दंगों में बचे लोगों को नौकरी के मानदंडों में छूट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली सरकार के तहत नौकरियों के लिए आवेदन करने वाले सभी 88 सिख विरोधी दंगों के बचे लोगों को शैक्षणिक और आयु मानदंडों में छूट देने को मंजूरी दे दी है। उपराज्यपाल कार्यालय के अनुसार आवेदकों को आवश्यक शैक्षणिक योग्यता में पूरी छूट दी गई है और सभी 88 आवेदकों के लिए ऊपरी आयु सीमा बढ़ाकर 55 वर्ष कर दी गई है। विभिन्न सरकारी विभागों में मल्टी टास्किंग स्टाफ के रूप में उनकी नियुक्ति के लिए छूट को मंजूरी दी गई है। एलजी कार्यालय से जारी एक नोट में कहा गया है कि इस संबंध में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति, जनप्रतिनिधियों और पीड़ितों के समूहों द्वारा बार-बार अनुरोध किया गया था, जिन्होंने हाल ही में एलजी से मुलाकात की थी। उल्लेखनीय है कि 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों के लिए 16 जनवरी, 2006 को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा नौकरियों के प्रावधान सहित पुनर्वास पैकेज को मंजूरी दी गई थी। दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग को एक विशेष अभियान के तहत 72 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 22 आवेदकों को तत्कालीन एलजी से आयु में छूट प्राप्त करके नियुक्ति दी गई।

## दिल्ली में भी खिलेगा कमल, होंगे विकास कार्य: राहुल त्यागी

# केजरीवाल सरकार को ढोल नगाड़ों की थाप से देंगे विदाई: राहुल त्यागी



### जनता का मत, 'आप' को अब नहीं सहेंगे

**● भाजपा नेता राहुल त्यागी ने कहा कि इस बार केजरीवाल सरकार व विधायक संजीव झा को ढोल नगाड़े, गाजे-बाजे के साथ विदा करने के लिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता व दिल्ली की जनता ललाईत है।**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** विधानसभा चुनाव को लेकर जहां एक ओर सभी राजनैतिक दल अपनी-अपनी सरकार के कार्यों को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं तो वहीं, सभी नेता अपनी पार्टियों की उपलब्धियां गिनवा कर वोटरों को रिझाने में लगे हुए हैं। वहीं बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले भाजपा नेता व सामाजिक कार्यकर्ता राहुल त्यागी ने इस बात का कड़ा विरोध जताते हुए कहा है कि पिछले दस सालों में दिल्ली की आप सरकार व बुराड़ी में आप विधायक संजीव झा ने तो क्षेत्र की ओर कतई भी ध्यान नहीं दिया।

**बुराड़ी की जनता को विधायक ने विकास से रखा वंचित:** इन दस सालों में बुराड़ी के लोग विकास को तो तरस ही रहे हैं इसके साथ ही उनको मुलभूत सुविधाओं से भी वंचित रखा गया है। राहुल त्यागी ने कहा कि विकास के नाम का पैसा तक क्षेत्रीय विधायक संजीव झा ने बिना डकारे हज़म कर लिया है और अब दिल्ली विधानसभा चुनाव नजदीक आ गया है तो आप आदमी पार्टी मंत्रियों सहित विधायक यह नारा दे रहे है कि काम किया है दिल से केजरीवाल फिर से। राहुल त्यागी ने सवाल करते हुए कि अगर केजरीवाल व उनके विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्य किए है तो वह दिखाई क्यों नहीं दे रहे हैं।

**जाम के चलते लोगों के काम धंधे हुए ठप्पः** युवा अधिकार मिशन संस्था के अध्यक्ष राहुल त्यागी ने कहा कि बुराड़ी क्षेत्र में सड़कों का तो बुरा हाल है, पूरे क्षेत्र की सड़कें तो इस कदर है कि पता ही नहीं चलता है कि सड़कों पर गड्ढे है या फिर गड्ढों पर सड़कें बनाई गई है। त्यागी ने कहा कि टूटी-फूटी सड़कों व पार्किंग की सुविधा न होनेके चलते बुराड़ी में हर समय घंटो तक जाम लगा रहता है जिसके चलते स्थानीय दुकानदारों व सभी व्यापारियों के काम धंधे भी बंद होने की कगार पर है।

**बुराड़ी से भाजपा को मिलती है टिकट तो बड़े मतों से होगी जीत:** राहुल त्यागी ने कहा कि पिछली बार गठबंधन के चलते जेडीयू के शैलेंद्र कुमार को टिकट मिली थी और भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने जी जान लगाकर मेहनत की थी बावजूद इसके शैलेंद्र कुमार लगभग पचास हजार वोटों से हारे थे। लेकिन इस बार पार्टी को भाजपा के ही किसी कार्यकर्ता को मौका देती है तो भाजपा इस सीट पर आप विधायक संजीव झा को बहुत बड़े मार्जन से हराएगी, क्योंकि भाजपा के सभी कार्यकर्ता भी यही चाहते है कि इस सीट से कोई भाजपा का उम्मीदवार ही खड़ा हो, जिसके लिए भाजपा का छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी तन-मन-धन से पार्टी के साथ खड़ा हुआ है।

**धूमधाम से करेंगे संजीव झा की विदाई:** राहुल त्यागी ने कहा कि इस बार लगता नहीं है कि गठबंधन में बुराड़ी की सीट जाने वाली है और पार्टी ने भाजपा के किसी भी सशक्त उम्मीदवार को मैदान में उतारा तो इस बार आप विधायक संजीव झा को मुंह की खानी पड़ेगी, क्योंकि क्षेत्र की जनता विधायक संजीव झा के नकारेपन से परेशान है। उन्होंने कहा की पूरे पांच साल क्षेत्रीय विधायक संजीव झा ना तो इलाके में कभी नज़र आए है और न ही क्षेत्र के लोगों का फोन भी उठाते है। इसलिए क्षेत्र के लोग ऐसे झूठे नकारे विधायक को सीट से हटाने का मन बना चुके है। उन्होंने कहा कि इस बार बुराड़ी विधायक संजीव झा को बुराड़ी से और दिल्ली से केजरीवाल की आप सरकार को ढोल नगाड़ों की थाप से विदाई देने के लिए भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता दिल्ली की जनता के साथ तैयार बैठकर बस चुनाव के नतीजों का इंतजार कर रहा है।

**केजरीवाल की बौखलाहट झलक रही है उनके चेहरे से:** राहुल त्यागी ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की बौखलाहट उनके चेहरे से साफ झलक रही है, जिसके चलते वह आनन-फानन में दिल्ली की जनता से तमाम झूठे वादे भी कर रहे है। तो वहीं दिल्ली की महिलाओं को आकर्षित करने के लिए उनके मध्य एक नया शिगूफा भी फेंका है कि फिर से केजरीवाल सरकार बनते ही दिल्ली की हर महिला को दिल्ली सरकार की ओर से हर माह 2100 रूपए दिए जाएंगे। त्यागी ने सवाल करते हुए कहा कि केजरीवाल अब जरा महिलाओं व दिल्ली की जनता को यह भी बतादें कि वह हर माह इतने पैसे कहां से लाएंगे। क्या केजरीवाल के हाथ कोई अलादीन का चिराग लगा है या फिर किसी सल्तनत का खज़ाना उनके हाथ लगा है।

## न्यूज़ फ्लैश

### आईजीएमसी, टांडा और नेरचौक चिकित्सा महाविद्यालय में थ्री टेस्ला एमआरआई मशीनों के लिए 85 करोड़ रुपये किए गए आबंटित: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गत दिवस को कहा कि प्रदेश सरकार ने थ्री टेस्ला एमआरआई मशीनों की खरीद के लिए 85 करोड़ रुपये जारी किए हैं, जिन्हें आईजीएमसी शिमला, टांडा चिकित्सा महाविद्यालय और नेरचौक चिकित्सा महाविद्यालय में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि थ्री टेस्ला एमआरआई मशीन एक अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण है। इन मशीनों के स्थापित होने से सटीक और गहन विश्लेषण की आवश्यकता वाले चिकित्सा मामलों में सहायता मिलेगी तथा बीमारियों का उपचार किया जा सकेगा, जिससे मरीजों को बेहतर ईलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए आगामी समय में प्रदेश सरकार 1500 करोड़ रुपये के निवेश से स्वास्थ्य संस्थानों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस करेगी। वर्तमान में राज्य के 9.5 लाख लोग बेहतर उपचार सुविधा के लिए प्रदेश से बाहर का रूख करते हैं, जिससे सकल घरेलु उत्पाद की 1350 करोड़ रुपये की क्षति हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चिकित्सा महाविद्यालयों के साथ सभी स्वास्थ्य संस्थानों में उन्नत चिकित्सा उपकरण स्थापित करने की दिशा में प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को सेमी ऑटोमेटिक लेबोरेटरीज, अल्ट्रासाउंड मशीनों और आईसीयू सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। इसके साथ सभी सिविल और जोनल अस्पतालों में पूरी तरह से स्वचालित ऑटो ऐनेलाईजर, डिजिटल एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड मशीनें और मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर शीघ्र ही स्थापित किए जाएंगे। इस दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने कार्य करना शुरू कर दिया है, इनहाउस लैब की सुविधा से मरीजों को बेहतर उपचार मिलेगा और डॉक्टर उनके रोग का निदान कर सकेंगे।

स्वास्थ्य सेवाओं को हाशियें पर रखने के लिए पिछली भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे प्रदेश में स्वास्थ्य प्रणाली पर बुरा असर पड़ा और सरकारी स्वास्थ्य संस्थान रेफरल अस्पताल बन गए। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण लोगों की मेहनत की कमाई और बहुमूल्य समय की बबार्दी हुई। इसके विपरीत कांग्रेस सरकार बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रमुखता से कार्य कर रही है और लोगों को शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।

# उप मुख्यमंत्री ने स्नेह मिलन समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में की शिरकत

## सारेगामापा फेम अनमोल ने अपने सुरीले सुरों से बांधा समां

**सराहना**

उप मुख्यमंत्री ने नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और जिला प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने गत रात (शनिवार) नववर्ष के उपलक्ष्य पर जिला प्रशासन ऊना द्वारा आयोजित स्नेह मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के आपसी समन्वय, पारिवारिक मेलजोल और सांस्कृतिक अभिवृद्धि एवं मनोरंजन को समर्पित रहा यह समारोह समूरकलां स्थित लता मंगेशकर कला केंद्र में आयोजित किया गया था। उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और जिला प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की। सांस्कृतिक संध्या में तरन्नुम-ए-गजल, नृत्य प्रस्तुति थिरकन और शाम-ए-मौसिकी जैसी शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में जहां गजल गायक सुनील डोगरा ने अपनी मखमली आवाज से श्रोताओं को भावविभोर किया, वहीं मशहूर टीवी रियलटी शो सारेगामापा फेम अनमोल ने अपने सुरीले सुरों से समां बांध दिया। कार्यक्रम में डांस किंगडम स्टूडियो ऊना और जेएस विज्डम वर्ल्ड स्कूल के बच्चों ने अपनी नृत्य कला की शानदार प्रस्तुति से सबकी वाहवाही बटोरी। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान, पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, एसी आयोग के सदस्य विजय डोगरा और दिग्विजय मल्होत्रा, कांग्रेस नेता रणजीत राणा और अशोक ठाकुर, उपायुक्त जतिन लाल,जिला के सभी एसडीएम, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## चोखणा धार में बसें ग्रामीणों ने अलग पंचायत के गठन को लेकर की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत आने वाली पंचायत डंगार में पड? वाले गांव चोखणा डोरू, मरयाणी, जसवाणी छन्दोह, पन्याली के लोगों ने चोखणा में सामूहिक बैठक का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता चोखना गांव समिति के अध्यक्ष कृष्ण सिंह ने की। बैठक में सभी ने सामूहिक निर्णय लिया की इन सभी गांवों को मिला कर अलग पंचायत का गठन किया जाना चाहिए। समिति के अध्यक्ष कृष्ण सिंह ने बताया की ये सभी गांव चोखणा धार में आते हैं तथा इन गांवों के लोगों को पंचायत मुख्यालय तक आनेजाने तथा अपना कार्य करवाने हेतु भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया की चोखना से डंगार तक की दूरी 6 किलोमीटर गांव छन्दोह,जसवाणी, पनयाली की डंगार से दूरी 8 किलोमीटर पड़ती है साथ ही इन गांवों के लिय वाहनों की आवाजाही काफी कम रहती है।

## बिलासपुर के दो डिप्टी डायरेक्टरों ने किया किन्नौर में ज्वाइन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर:** जिला किन्नौर में शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा अरुण गौतम तथा उपनिदेशक उच्च शिक्षा कुलदीप डोगरा ने कार्यभार सम्भाल लिया है। गौर हो कि दोनों अधिकारी जिला बिलासपुर से संबंध रखते हैं। इस अवसर पर उन्होंने डीसी किन्नौर अमित कुमार से भी भेंट की। इस पदोन्नती पर विभिन्न शिक्षक संघो ने दोनों को बधाई दी है। जिला एचजीटीयू के प्रधान राकेश संधू, ब्लॉक अध्यक्ष निक्कू राम बंसल, संरक्षक सिमरो भटनागर प्रधानाचार्य, सहसचिव सेनापाल व समस्त कार्यकारिणी ने बधाई दी है। इस अवसर पर दोनों शिक्षा उपनिदेशक का किन्नौर जिला के विभिन्न संघों ने भी स्वागत किया और कार्यभार ग्रहण करने पर बधाई दी है। जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार और समस्त कार्यकारिणी ने दोनों शिक्षा उपनिदेशको को किन्नौर में कार्यभार ग्रहण करने पर बधाई दी है तथा विश्वास व्यक्त किया है कि शिक्षा के क्षेत्र में जिला किन्नौर को आगे बढ़ाने में दोनों अधिकारी किन्नौर जिला को शीर्ष पर ले जायेंगे।

## पीसीसी पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने किया कबड्डी का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुलजार के कड़ोह में कड़ोह मैनेजमेंट कमेटी की ओर से एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया। जिसमें खिलाडियों ने जीत के लिए कड़ा पसीना बहाया। इस प्रतियोगिता के मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की। विवेक कुमार ने इस मौके पर कहा कि इस तरह की खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन से जहां खिलाडि?ों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है। वहीं, आपसी भाईचारा भी बढ़ता है।

## युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा सीमावर्ती युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**

युवा कार्यक्रम एवम खेल मन्त्रालय भारत सरकार द्वारा सीमावर्ती युवा आदान प्रदान कार्यक्रम, नेहरू युवा केन्द्र शिमला द्वारा 4-1-2025 से 8-1-2025 तक उदासीन आक्षम बनूटी में आयोजित किया जा रहा है जिस में 5 राज्यों के युवा भाग ले रहे हैं। JGMC Shimla के DY MS डा॰ प्रवीण ऐस भारिया ने रविवार दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक युवाओं से सामान्य स्वास्थय, हाईजीन एवम नशा प्रवृति, कारण एवम निवारण पर विस्तृत चचा की व उन के प्रश्नों के उत्तर दिये। जिल्ला कचि क्रम अधिकारी कुळ मनीशा शमा, युवा प्रतिनिधी श्री संजीव सूर जी व सभी युवाओं, ने अ॰ प्रवीण एक भारिया के द्वारा दी गई जानकारी को सराहा एवम उन का धन्यवाद किया।

## घुमारवीं में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला बिलासपुर की बैठक जिला प्रधान रमेश शर्मा की अध्यक्षता में घुमारवीं में संपन्न हुई। शिक्षकों ने बैठक में प्राथमिक शिक्षा तथा प्राथमिक शिक्षकों से जुड़े विभिन्न मामलों पर विस्तृत चर्चा की। प्राथमिक स्कूलों में जेबीटी के सैकड़ो पद खाली चल रहे हैं। 100 से अधिक स्कूलों में केवल एक अध्यापक कार्यरत है जो नर्सरी से पांचवी तक आठ कक्षाओं की पढ़ाई का कार्य देख रहा है। वर्ष 2018 से प्राथमिक स्कूलों में नर्सरी कक्षाएं चल रही हैं परंतु 6 वर्ष बीत जाने के उपरांत भी इन कक्षाओं के लिए शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। प्राथमिक स्कूलों में अध्यापकों की भारी कमी का प्रभाव बच्चों के नए प्रवेश पर पड़ रहा है तथा सरकारी स्कूलों से बच्चों का निजी स्कूलों में पलायन हो रहा है। अध्यापकों की कमी का सीधा असर बच्चों की संख्या पर पड़ रहा है जिस कारण निरंतर प्राथमिक स्कूल बंद होने की कगार की ओर बढ़ रहे हैं। बैठक में सरकार से जेबीटी और नर्सरी शिक्षकों के पदों को हर हाल में तीव्रता से भरने की मांग की गई। बैठक में मुख्य शिक्षक पदोन्नति पर वित्तीय लाभ जारी रखने अनुबंध पर 2 वर्ष का सेवा काल पूरा कर चुके शिक्षकों को 30 सितंबर से नियमित करने जनवरी 2022 के बाद नियमित हुए प्राथमिक शिक्षकों जिन्होंने 2 वर्ष का नियमित सेवा काल पूरा कर लिया है को हायर ग्रेड पे का लाभ दिए जाने जेबीटी से टीजीटी पदोन्नति सूची जल्दी और जारी करने प्राथमिक शिक्षकों से भाषा अध्यापकों की तर्ज पर शारीरिक शिक्षक शास्त्री पदोन्नति प्रदान करने की मांग की गई।

# अखिल भारतीय स्वदेशी जागरण मंच हिमाचल प्रांत का सम्मेलन संपन्न

**सराहनीय कदम**

जिसमें मुख्यातिथि के रूप में अखिल भारतीय सह संघठन मंत्री सतीश ने शिरकत की



**टीम एक्शन इंडिया**
**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** अखिल भारतीय स्वदेशी जागरण मंच हिमाचल प्रान्त का सम्मेलन हमीरपुर के बसंत पैलेस में हुआ जिसमें मुख्यातिथि के रूप में अखिल भारतीय सह संघठन मंत्री सतीश ने शिरकत की उनके साथ उतरक्षेत्र के संघठन मंत्री विनय, महिला प्रमुख रूपा ,डॉक्टर जय देव हिमाचल प्रांत के संयोजक गौतम सहसंयोजक सुनील , हिमाचल प्रान्त के संगठन मंत्री जसवंत कार्यकर्म अध्यक्ष नवीन शर्मा सहित स्वदेशी जागरण मंच के 200 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे । इस अवसर पर स्वदेशी व स्वावलंबन को बढ़ावा देने वालों को सम्मानित किया गया साथ ही उन्होंने स्वावलंबन के प्रति अपने अनुभव व विचार भी प्रक्ट किये। अखिल भारतीय सह संघठन मंत्री सतीश ने कार्यक्रम में सम्भोधित करते हुए कहा कि हमारे देश व प्रदेश का युवा बहुत ही होनहार है और रोजगार के लिए स्वरोजगार को अपनाए इस विषय पर सम्मेलन में प्रकाश डाला उन्होंने कहा युवाओं के साथ साथ हमारी मातृ शक्ति भी स्वरोजगार के लिए निपुण है और आज कल हमारे सामने ऐसे अनेकों उदाहरण हैं जिनमें हमारे युवा वर्ग व मातृ शक्ति ने स्वरोजगार का रास्ता अपना कर औरों को भी रोजगार दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे भारत को आगे बढ़ाने के लिए स्वदेशी ,स्वावलम्बन व उद्यमिता के ऊपर प्रकाश डाला गया उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश का युवा रोजगार के लिये ना भाग कर स्वरोजगार को अपनाए। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष नवीन शर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि 2014 से जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी तबसे उन्होंने वोकल फॉर लोकल का नारा स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए दिया था और देश के युवाओं को स्किलड बनाने के लिए नए कार्यक्रम शुरू किए जिससे देश में स्वरोजगार के नए आयाम स्थापित हुए हैं ।

## अलका जनता की नेता : गोयल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**



**शिमला:** दिल्ली की कालकाजी विधानसभा सीट से अलका लांबा को कांग्रेस की ओर से टिकट मिलने पर पार्टी के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया कॉर्डिनेटर अनिल गोयल ने उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अलका लांबा कर्मठ और जनसेवी नेता हैं। वे जनता के मुद्दों को लेकर हमेशा मुखर रही हैं। उनका लंबा राजनीतिक अनुभव रहा है। उनका जनसेवा को लेकर समर्पण कालकाजी की जनता के लिए फायदेमंद साबित होगा। वे जनता की नेता हैं।

अनिल गोयल ने कहा कि अलका लांबा ने राजनीतिक जीवन में हमेशा ईमानदारी और निडरता से काम किया है। उनके नेतृत्व में कालकाजी क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी अलका लांबा के नेतृत्व में कालकाजी सीट पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी।अनिल ने पार्टी कार्यकताओं से अपील की कि वे एकजुट होकर अलका लांबा को विजयी बनाने के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनता अलका लांबा को अपना आशीर्वाद और समर्थन देगी। गोयल ने कहा कि अलका का पार्टी का टिकट मिलने से कांग्रेस कार्यकताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई है। 9 राज्यों मैं बतौर कॉर्डिनेटर अपनी सेवाएं दे चुके अनिल गोयल दिल्ली विधान सभा मै भी प्रचार का जिम्मा संभालेंगे व कालकाजी अलका लांबा के लिए प्रचार करेंगे।

## अदानी समूह की पहल से जगमगाया बरमाना, सडक सुरक्षा में मिली राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** एसीसी अदानी समूह की एक अहम पहल से बरमाना शहर ने विकास और सुरक्षा के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की है। ग्राम पंचायत बरमाना के उपप्रधान अवधेश भारद्वाज ने बताया कि 30 वर्षों से सडक दुर्घटनाओं से जूझ रहे राष्ट्रीय उच्च मार्ग 21 पर अब स्थायी राहत मिल गई है। करीब 25 वर्ष पूर्व इस मार्ग पर बने डिवाइडर की चैड़ाई और ऊंचाई असंतुलित थी, साथ ही स्ट्रीट लाइट्स की कमी के कारण यहां आए दिन सडक हादसे होते थे। अब अदानी समूह और एसीसी प्रबंधन के प्रयासों से यह समस्या सुलझ गई है। अदानी फाउंडेशन ने जिला प्रशासन के सहयोग से डीएमएफटी फंड के तहत लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से इस डिवाइडर पर इलेक्ट्रिकल स्ट्रीट लाइट्स लगाई हैं।

# निहाल चंद बने भाजपा के मंडी संगठनात्मक जिलाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी:** भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक जिला मंडी से पुनः निहाल चंद शर्मा को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। रविवार को मंडी सर्किट हाउस में उनकी नियुक्ति की घोषणा चुनाव अधिकारी गगरेट से पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने की। इस अवसर पर पांच विधानसभा क्षेत्र में बनाये गए सभी मण्डलाध्यक्षों का भी परिचय करवाया गया और उनका भी फूलों का हार पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और सबका मार्गदर्शन किया। स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिल शर्मा, बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी और दरंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर भी इस अवसर पर मौजूद थे।

अपनी नियुक्ति पर जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने पार्टी शीर्ष नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सहित प्रदेश और जिला संगठन के नेताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि दूसरी बार मुझे जो दायित्व पार्टी ने सौंपा है इस पर खरा उतरने और पार्टी को आगे ले जाने के लिए वे और ज्यादा मेहनत करेंगे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि मंडी जिला आज संगठन पर्व में इस लिए बधाई का पात्र है कि सबसे ज्यादा 1 लाख 23 हजार सदस्य पार्टी ने यहां से बनाए हैं। पूरे प्रदेश में जहां 15 लाख से अधिक सदस्य बनाये गए वहीं अकेले पांच विधानसभा क्षेत्र वाले संगठनात्मक जिला मंडी ने इतने सदस्य बनाकर शीर्ष पर जगह बनाई है। यही नहीं सबसे ज्यादा 2500 सक्रिय सदस्य भी मंडी जिला से बने हैं जिसके लिए मंडी के कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं।

# शिक्षामंत्री ने 2.27 करोड़ से निर्मित जुब्बल स्कूल के भवन का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**



**शिमला:** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुब्बल के खेल छात्रावास के नव निर्मित भवन का उद्घाटन किया। 2 करोड़ 27 लाख की लागत से निर्मित इस भवन के बनने से खिलाड़ी छात्राओं को और अधिक बेहतर खेल सुविधाएं मिले सकेंगी। उन्होंने बताया कि इस छात्रावास में वॉलीबॉल के अतिरिक्त अब कबड्डी और बेडमिंटन खेल की स्वीकृति भी दी गई है, जिससे कि छात्राओं को और अधिक अवसर मिलेंगे और और स्थानीय खिलाडियों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं घरद्वार पर ही मिल सकेंगी। रोहित ठाकुर ने बताया कि इस खेल छात्रावास के भवन की आधारशिला 20 जुलाई 2016 को रखी गई थी जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार में वह मुख्य संसदीय सचिव थे और आज उनके शिक्षा मंत्री रहते हुए इस भवन का लोकार्पण किया गया है। यह इस बात का पर्याय है कि पिछली भाजपा सरकार ने इस भवन पर कोई निवेश नहीं किया और विकासकार्य को पूरे तरीके से नज?अंदाज किया है। इसके अतिरिक्त, 2021 में जितने भी शिलान्यास और उद्घाटन भाजपा सरकार ने किये वह सभी चुनाव के मद्देनज? महज वोट पाने की इच्छा से किये किन्तु इन सभी बातों का कोई लाभ उनको नहीं मिला और जनता ने झूठे वादों को दरकिनार कर विकास का हाथ थामा तथा जुब्बल नावर कोटखाई में फिर से कांग्रेस का परचम बुलंद हुआ। जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में पिछले दिन हुए मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर शिक्षा मंत्री ने बताया कि वह मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के आभारी है कि उन्होंने पिछले कल कोटखाई में 40 करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं के उद्घघाटन किये जिसमे मुख्यतः विकास भवन कोटखाई और एचपीएमसी सीए स्टोर गुम्मा इत्यादि विकासकार्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त, इंजनियरिंग कॉलेज गुम्मा में अतिरिक्त नये कोर्स शुरू करने तथा साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य भवन कोटखाई को स्त्रोन्नत करके सिविल अस्पताल का दर्जा देने की भी घोषणा की। इसके अतिरिक्त भी मुख्यमंत्री द्वारा अन्य सौगाते इस विधानसभा क्षेत्र को मिली है और उन्हें उम्मीद है कि इन सभी कार्यों से क्षेत्र के विकास को एक नई दिशा मिलेगी और जन सामान्य इससे लाभान्वित होंगे। रोहित ठाकुर ने बताया कि सरकार गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में नित नये प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि आज युवाओं को जरूरत है कि वह नशे के चंगुल में ना फसें और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाए

# प्रेम सिंह चंदेल बने बैरी बरमाणा पैंशनर्ज इकाई के प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**




**बिलासपुर:** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर बैरी बरमाना इकाई की बैठक प्रधान प्रेम सिंह चंदेल की अध्यक्षता में हुई। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में कृष्ण सिंह चंदेल इकाई के संस्थापक ने शिरकत की तथा जिला प्रधान जगदीश दिनेश, राज्य मुख्य सलाहकर जेके नड्डा, जिला सलाहकर जय कृष्ण शर्मा, सदर सचिव राम प्रकाश वर्मा, किशोरी लाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में वार्षिक सम्मान सम्मारोह में 70 वर्षीय पेंशनरों को मुख्य अतिथि कृष्ण सिंह चंदेल द्वारा शाल, टोपी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिसमें बिमला देवी, शमशेर सिंह, रोशन लाल, मुंशी राम और चेत राम शर्मा को सम्मानित किया गया। बैठक में इकाई के प्रधान प्रेम सिंह चंदेल ने पिछले तीन सालों का आय व्यय का लेखा जोखा रखा। जिसे बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने पारित कर दिया गया। कार्यकारिणी को भंग करते हुए आगामी तीन वर्षो के लिए इकाई के चुनाव की घोषणा की गई।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 06 जनवरी 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# 'आदर्श नगर क्लब' ने धूमधाम से मनाया ''उमंग 2025''

● यादगार समारोह में शामिल हुए हजारों परिवार ● जमकर हुआ नाच गाना, लोगों ने उठाया लुत्फ ● संस्था ने किया अतिथियों का जोरदार स्वागत







**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**नववर्ष का** स्वागत करने के लिए **'आदर्श नगर क्लब'** ने अलीपुर के **'द पैलेस ग्रीन्स'** में बहुत ही धूमधाम से 'उमंग 2025' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों परिवार शामिल हुए। इसके अलावा दिल्ली के कई क्षेत्रों से जुड़ी राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों ने भी इस समारोह में हिस्सा लेकर कार्यक्रम को चार चाँद लगा दिये। क्लब द्वारा अनेक मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में जमकर नाच गाना हुआ। कई कलाकारों ने स्टेज पर लाजवाब प्रदर्शन किया, जिसे देखकर सभी दर्शक तालियां बजाने पर विवश हो गए।

**क्यों इतना खास है 'आदर्श नगर क्लब' का ये कार्यक्रम**

कार्यक्रम में सभी परिवारों के मनोरंजन के लिए सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया, जहां पर लोग सेल्फी लेकर अपने इस न्यू इयर समारोह को यादगार बना रहे थे। सदस्यों ने स्वादिस्ट व्यजनों का भी लुत्फ उठाया। दिल्ली के मशहूर रामनिवास भागमल कैटरर्स द्वारा कैटरिंग की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में वाइन बार से लेकर हुक्का सेंटर भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा संस्था ने सभी व्यवस्थाएं इतनी उम्दा की थी कि हर किसी की जुबान पर सिर्फ.एक ही शब्द था, 'वाह मजा आ गया'। सबसे बड़ी बात ये रही की बच्चों और बुजुर्गों ने तो कार्यक्रम का आनंद लिया ही। साथ ही महिलाओं और नौजवानों ने भी समारोह का खूब आनंद किया। हर कोई नए साल की पार्टी में झूमता- गाता नजर आया।


**क्या बोले आदर्श नगर क्लब के पदाधिकारी**

आदर्श नगर क्लब के प्रधान मनीष कंसल ने जानकारी दी कि नए वर्ष में उमंग का आयोजन पिछले 15 वर्षों से किया जा रहा है। इसमें क्लब के सभी सम्मानित सदस्य हिस्सा लेते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम तो बहुत हैं, लेकिन लोगों के परिवार वाले अक्सर कार्यक्रमों का आनंद नहीं ले पाते हैं। लेकिन हम लोगों का यह कार्यक्रम पूरी तरह से पारिवारिक कार्यक्रम होता है, जिसमें सदस्यों के परिवार वाले भी खुलकर हिस्सा लेते हैं और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाते हैं।

वहीं, अग्रवाल भवन ट्रस्ट के प्रधान राजीव गोयल ने संवाददाता को बताया कि 2009 में शुरू हुए इस क्लब के पहले प्रधान वीरेंद्र गोयल थे, 2011 से लेकर 2017 तक इस क्लब को उन्होंने ( राजीव गोयल) संभाला और उसके बाद से अभी तक इसकी अगुवाई मनीष कंसल बतौर प्रधान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्लब में मॉडल टाउन, आदर्श नगर और आस पास के क्षेत्रों से जुड़े बहुत से प्रबुद्धजन भी सदस्य हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों का स्वागत भी किया गया और उनको अंक वस्त्र पहनाकर उनका सम्मान किया गया।

**ये लोग रहे मौजूद**

कार्यक्रम में हजारों सदस्य परिवारों के साथ साथ आदर्श नगर की नामचीन हस्तियां शामिल हुई। इनमें आदर्श नगर के विधायक पवन शर्मा, पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल और उनके पोते शिवांक सिंघल, नेता सदन और आदर्श नगर से आम आदमी पार्टी के विधानसभा प्रत्याशी मुकेश गोयल, भाजपा नेता और प्रत्याशी राज कुमार भाटिया, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, दिल्ली पेरामेडिकल बोर्ड के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में बच्चे, बुजुर्ग, महिलायें और नौजवान शामिल हुए।



**मास्टर जय किशन गोयल, चेयरमैन, आदर्श नगर क्लब:** आदर्श नगर क्लब ने **उमंग –2025** का आयोजन किया। बड़े ही धूमधाम से दिल्ली के अलीपुर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में आए हुए सभी गणमान्य लोगों का मैं क्लब की ओर से धन्यवाद करता हूं और सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देता हूं।



**मनीष कंसल, प्रधान, आदर्श नगर क्लब:** आज क्लब के द्वारा बड़े ही भव्य रूप में नव वर्ष महोत्सव का आयोजन किया गया। मैं समारोह में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का दिल की गहराईयों से धन्यवाद करता हूं। इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का योगदान है जिसका मै दिल की गहराईयों से आभार प्रकट करता हूं।



**जितेन्द्र कुमार गुप्ता, महासचिव, आदर्श नगर क्लब:** क्लब हर वर्ष इस तरह इस भव्य समारोह का आयोजन करता है। इस आयोजन में क्लब के पदाधिकारियों का विशेष योगदान है। मैं समारोह को सफल बनाने के लिए सभी का आभार प्रकट करता हूं।



**नितेश मेहरा, सचिव, आदर्श नगर क्लब:** आदर्श नगर क्लब के द्वारा पिछले कई वर्षों से नव वर्ष के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी नव वर्ष के उपलक्ष्य में हर्षोल्लास के साथ भव्य समारोह संपन्न हुआ। इसमें लोगों ने कार्यक्रम में जमकर लुत्फ उठाया।






# मुकेश गोयल ने आजादपुर गांव में पहली पदयात्रा कर की चुनाव अभियान की शुरुआत

● अपने गाँव आजादपुर से की पहली पदयात्रा की शुरूआत ● जनता ने फूलमाला पहनाकर किया मुकेश गोयल का अभिनंदन







**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
आदर्श नगर विधानसभा से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने चुनावी बिगुल बजाते हुए आजादपुर गांव से अपनी पहली पद यात्रा की शुरूआत कर दी है। इसी के साथ उनका चुनाव प्रचार अभियान तेजी पकड़ने लगा है। इस दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और स्थानीय लोग बड़ी तादाद में मौजूद रहे। लोगों ने जगह जगह मुकेश गोयल का स्वागत किया और अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं से रूबरू कराया। आपको बता दें कि मुकेश गोयल आजादपुर गांव के ही निवासी है। आजादपुर गांव के लोगों से मुकेश गोयल का दिली लगाव है। यही कारण है कि उन्होंने अपने चुनाव प्रचार की विधिवत शुरूआत आजादपुर गांव से की है। इस दौरान स्थानीय लोगो में भी मुकेश गोयल को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। पद यात्रा में दौरान उनको माला पहनाकर भव्य अभिनन्दन किया गया।इस दौरान लोगों ने बताया कि मुकेश गोयल ने इस क्षेत्र के विकास के लिए बहुत काम किया है। क्षेत्र के विकास में मुकेश गोयल का बहुत बड़ा हाथ है। वह हरेक के सुख-दुख में काम आते हैं और सभी नागरिकों की हर तरह की समस्या को दूर करने की कोशिश करते हैं। लोगों ने विश्वास जताया कि मुकेश गोयल भारी जनसमर्थन से चुनाव जरूर जीतेंगे।

आजादपुर में मुकेश गोयल का भारी जनसमर्थन देख कर कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ताओं में जहां हड़कंप मच गया है, वहीं आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं का जोश सातवें आसमान में दिखाई देने लगा है।

